# City 24 News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 41 | पेज 8 | रविवार 11 फरवरी, 2024 | संपर्क: 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media


# देश में कास्ट बेस्ड राजनीति नहीं होनी चाहिए, यह हानिकारक : सीएम मनोहर लाल

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारत रत्न से सम्मानित लालकृष्ण आडवाणी से की मुलाकात**

**सर्वोच्च पुरस्कार मिलने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई और लंबी आयु की कामना की**

**हरियाणा सरकार के 9 वर्षों की उपलबधियों पर आधारित पुस्तक भी श्री आडवाणी को की भेंट**

**पांच महापुरुषों को भारत रत्न दिए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का जताया आभार**

**बोले : भारत रत्न का फैसला जाति नहीं, काम व काबलियत के आधार पर होता है**



**सिटी 24 न्यूज**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें सर्वोच्च उपाधि रत्न मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्री आडवाणी को हरियाणा में चलाई जा रही योजनाओं व कार्यों की जानकारी देते हुए नौ सालों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक भी भेंट की। श्री लालकृष्ण आडवाणी ने हरियाणा में किया जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता जताई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद पहली बार उनसे मिलने पहुंचे थे और इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई ।

मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि श्री लालकृष्ण आडवाणी हमेशा आगे बढ़ने का हौसला देते हैं,सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते रहे हैं। उनसे मिलने में विशेष स्नेह की अनुभूति होती है।उन्हें तीन फरवरी को जब भारत रत्न देने की घोषणा हुई, हमारे लिए यह प्रसन्नता का विषय है। मैंने तभी फैसला किया था कि जब दिल्ली आना होगा तो मुलाकात जरुर करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भारत रत्न दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व केंद्र सरकार को धन्यवाद करते है। वे श्री अड़वानी की लंबी आयु की कामना भी करते है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की बड़ी हस्तियों में आडवाणी जी के साथ-साथ प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति ने चाहे कर्पूरी ठाकुर जी, श्री नरसिम्हा राव जी, चौधरी चरण सिंह, चाहे डॉ स्वामीनाथ जी हो, हर महापुरुष की अपनी विशेषताएं हैं ।देश निर्माण में उनका जो योगदान रहा है, उसको ध्यान में रखते हुए उनकी पहचान की गई और पहचान करने के बाद सम्मानित करने का फैसला लिया गया है।

मनोहरलाल ने कहा कि एक माह में भारत सरकार ने पांच विशेष विभूतियों को भारत रत्न दिया है। यह बहुत सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विभूति की अपनी विशेषता हैं। एक बात स्पष्ट रूप से ध्यान में आती है कि यह सब किसी भी व्यक्ति के देश के प्रति जो योगदान होता है, उसकी पहचान कर सम्मानित करने का विषय है। यह राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय किए गए हैं। मैं बहुत प्रसन्न हूं और इसके लिए प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति जी को धन्यवाद करता हूं। इससे नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती है कि अच्छा काम करने से सम्मान जरूर मिलेगा।

**प्रतिभा खोज में जातियां नहीं, काम के आधार पर होता है फैसला: सीएम मनोहर लाल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न देश के प्रति संबंधित व्यक्ति के योगदान को देखकर दिया जाता है। प्रतिभा खोज में जातियां नहीं, बल्कि काम देखा जाता है। चाहे जाति कोई भी हो, उल्लेखनीय कार्य के आधार पर ही चयनित किया जाता है। सीएम ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जाति की विचारधारा में कभी बांधे हों। कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स देश में कभी भी नहीं होनी चाहिए, यह तो हानिकारक है। जो लोग कास्ट बेस्ड पॉलिटिक्स की सोचते हैं, वे अच्छा नहीं कर सकते।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खासकर किसानों के 13 फरवरी के दिल्ली कूच को लेकर सभी व्यवस्थाएं ठीक रहे, शांति बनी रहे, इस प्रकार की सारी बातें हुई है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली दौरे को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि दिल्ली हरियाणा का लगभग केंद्र है। हरियाणा के कार्यों के लिए दिल्ली आते रहते हैं। स्वाभाविक है कि हमारे नेताओं व गणमान्य लोगों से यहां मुलाकातें होती हैं। समसामयिक विषयों पर चर्चा होती है और राजनैतिक लोगों से भी मुलाकातें होती रहती है।

संसद में श्रीराम मंदिर को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी प्रस्ताव आता है, तो उनकी भावना को देखकर सांसद उस पर विचार प्रकट करते हैं। यह जो प्रस्ताव आया है, जरूर इसका लाभ सबको मिलेगा। राज्यसभा के सदस्य के नामांकन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्टी का पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करता है और जो वह तय करेगा वही होगा।

# सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने झज्जर हलके की बूथ कमेटियों की बैठक ली, कार्यकर्ताओं को चुनाव की कमान सौंपी

**कार्यकर्ताओं को कहा कि अपने आप को दीपेन्द्र हुड्डा मान कर चुनाव प्रचार में जुट जाएँ**

**दीपेंद्र हुड्डा ने आगामी 25 फरवरी को झज्जर में होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली का न्यौता दिया**

**इस चुनाव में हरियाणा की जनभावना को बचाने की लड़ाई लड़नी है : दीपेंद्र हुड्डा**

**सबको इस हकीकत का पता है कि हरियाणा में किस सरकार ने काम किया : दीपेन्द्र हुड्डा**

**बीजेपी सरकार ने बाढ़सा एम्स के मंजूरशुदा 10 संस्थान, मेट्रो विस्तार, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, इंडियन डिफेंस निवर्सिटी आदि परियोजनाओं के लिये 10 साल में कोई बजट नहीं दिया : दीपेन्द्र हुड्डा**

**झज्जर में 'घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान की हुई औपचारिक शुरुआत**



**सिटी 24 न्यूज**

**झज्जर।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बूथ कार्यकर्ताओं को चुनाव की कमान सौंपते हुए कहा कि किसी के पास मैं तो किसी के पास बूथ कार्यकर्ता पहुंचें और हमारे किए हुए काम और आने वाले समय में किये जाने वाले काम को बताएं। बूथ कमेटियों की बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि अपने आप को दीपेन्द्र हुड्डा मान कर चुनाव प्रचार में जुट जाएँ। इस चुनाव में हरियाणा की जनभावना को बचाने की लड़ाई लड़नी है। इस चुनाव में हर तरह के षड्यंत्र और साजिशें रची जाएंगी लेकिन इनको नाकाम करने में बूथ कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा है। आपकी मेहनत खाली नहीं जायेगी, रंग लेकर आयेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव में जनता का पूरा आशीर्वाद है और कांग्रेस पार्टी यहां से रिकार्ड मतों से जीतेगी। ये जीत इलाके की जनता की होगी। हरियाणा और इस इलाके को विकास की बुलंदी पर ले जाने की होगी। दीपेंद्र हुड्डा ने आगामी 25 फरवरी को झज्जर में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली का भी न्यौता दिया। कार्यक्रम का आयोजन विधायक गीता भुक्कल ने किया था।

इस अवसर पर झज्जर हलके में 'घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक गांव, प्रत्येक घर जाकर कांग्रेस पार्टी की उपलब्धि एवं मौजूदा गठबंधन सरकार की नाकामियों के बारे में बतायेंगे। उन्होंने बूथ कमेटियों को आज से ही युद्ध स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुटने और वोट पड़ने तक अपना बूथ संभालने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार हरियाणा में बदलाव तय है। हरियाणा के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है कि बीजेपी-जेजेपी जा रही है और कांग्रेस सरकार आ रही है। पिछले 1 साल में 35 पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए हैं। पिछली बार यानी 2019 में ही लोग बदलाव चाहते थे लेकिन जेजेपी ने मतदाताओं के साथ विश्वासघात कर दिया। इस सरकार ने साढ़े 9 साल में कोई काम किया नहीं, लेकिन इनका अहंकार सातवें आसमान पर है।

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में करीब साढ़े 9 वर्षों से बीजेपी की सरकार है। उन्होंने पूछा कि इन साढ़े 9 वर्षों में क्या इलाके में कोई काम किया या लोगों का मान सम्मान किया? इस पर जनता ने एक स्वर में कहा कोई काम नहीं किया न लोगों का मान-सम्मान किया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सबको इस हकीकत का पता है कि हरियाणा में किस सरकार ने काम किया। उन्होंने बताया कि कल ही संसद में उन्होंने बाढ़सा एम्स के मंजूरशुदा 10 संस्थान, हरियाणा में मेट्रो विस्तार, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, गुरुग्राम की मंजूरशुदा इंडियन डिफेंस यूनिवर्सिटी आदि परियोजनाओं के लिये भी बजट आवंटन करने की मांग की। उन्होंने बताया कि बाढ़सा एम्स के बाकी बचे हुए 10 संस्थानों के लिए पिछले 9 वर्षों की तरह इस वर्ष भी एक पैसे का आवंटन नहीं हुआ। इसी प्रकार हरियाणा में मेट्रो विस्तार के लिये एक नये खंबे का बजट नहीं दिया गया, महम के इंटरनेशनल एअरपोर्ट, इंडियन डिफेंस यूनिवर्सिटी के निर्माण के लिये पिछले 10 वर्ष में एक रुपया बजट नहीं दिया गया। बीजेपी-जेजेपी हरियाणा को विकास की पटरी से उतारने वाली सरकार साबित हुई है। सबसे ज्यादा बेरोजगारी, सबसे ज्यादा महंगाई, सबसे ज्यादा अहंकारी सरकार साबित हुई है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संकल्प दोहराते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर तो बुजुर्गों को 6000 महीना पेंशन देंगे। गृहणियों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देंगे। हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। 100-100 गज मुफ्त प्लॉट योजना को फिर से लागू करेंगे। कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम चालू होगी, बैकवर्ड क्लास के लिए क्रीमी लेयर की सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक डॉ. रघुबीर कादयान, विधायक गीता भुक्कल, विधायक कुलदीप वत्स, पूर्व मंत्री राव नरेंदर, अनिल यादव, धर्मेन्दर समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गृह मंत्री अनिल विज ने हत्या एवं अन्य मामलों की गहन जांच के लिए छह अलग-अलग एसआईटी गठित करने के दिए निर्देश

**गृह मंत्री ने कई मामलों में कार्रवाई नहीं करने वाले जांच अधिकारियों को बदलने के भी निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए**

**गृह मंत्री अनिल विज के अंबाला स्थित आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से उमड़े सैकड़ों फरियादी, लंबी कतारें लगी, समस्याओं को सुन अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अंबाला स्थित अपने आवास पर आज प्रदेश के कोने-कोने से उमड़े सैकड़ों फरियादियों की समस्याओं को सुना। गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार आजकल रद्द है, मगर इसके बावजूद प्रतिदिन उनके आवास पर फरियादी उमड़ रहे हैं। श्री विज ने जनता की सुनवाई करते हुए हत्या एवं अन्य मामलों की जांच के लिए छह अलग-अलग एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए तथा कई मामलों में जांच सही तरीके से नहीं करने वाले आईओ (जांच अधिकारी) को भी बदलने के निर्देश दिए। कबूतरबाजी के भी कई मामलों की जांच उन्होंने एसआईटी को सौंपी। शनिवार सैकड़ों की संख्या में आए फरियादियों की समस्याओं का गृह मंत्री अनिल विज ने सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**इन मामलों में गृह मंत्री अनिल विज ने गठित की एसआईटी**

महेंद्रगढ़ से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसके भाई को आग लगाकर आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है और जांच भी तेज नहीं हो रही है। गृह मंत्री ने एसपी, महेंद्रगढ़ को मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। कैथल से आए परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उनकी बेटी की हत्या ससुराल पक्ष द्वारा सोनीपत में कर दी गई थी। मौत के बाद पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया था कि आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, मगर आज तक न मामला दर्ज किया गया और न ही किसी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गृह मंत्री अनिल विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। चरखी-दादरी से आई महिला ने बताया कि उसके पति की मौत कुछ माह पूर्व सड़क हादसे में हो गई थी। हादसे के बाद पुलिस ने केवल अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर खानापूर्ति की। आज तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी, चरखी-दादरी को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।

पलवल के गांव खाम्बी से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि गांव के जोहड़ पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। इस मामले में उसने अदालत का दरवाजा खटखटाया था और अदालत से कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। प्रशासन ने कार्रवाई के लिए टीम भेजी, मगर प्रभावीशाली लोगों ने कार्रवाई नहीं होने दी। गृह मंत्री ने डीसी, पलवल को एसआईटी गठित करते हुए अदालत के आदेशानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। सिरसा से आए फरियादी ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसने प्रापर्टी डीलर से प्लॉट की खरीद की थी, जब वह निर्माण करने लगे तो कुछ अन्य लोगों ने आकर प्रापर्टी पर अपना हक जताया। इस मामले उन्होंने केस दर्ज कराया और पुलिस ने जब राजस्व रिकार्ड चैक किया तो उसमें भी गड़बड़ी पाई गई। उसने आरोप लगाया कि मामले में तहसील कार्यालय के कर्मियों ने मामले में मिलीभगत की है। गृह मंत्री ने सिरसा के डीसी को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। फरीदाबाद से आए फरियादी ने जमीनी धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए बताया कि उसके साथ कुछ आरोपियों ने जमीनी धोखाधड़ी की। अदालत ने उसके पक्ष में फैसला दिया, मगर प्रशासन इस फैसले को लागू नहीं कर रहा और उसे जमीन का हक नहीं मिल पा रहा है। गृह मंत्री ने डीसी, फरीदाबाद को एसआईटी गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

**कबूतरबाजों के फेर में फंसकर लीबिया में फंसा कैथल का युवक**

गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के अलग-अलग मामलों में एसआईटी गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। कैथल से आए फरियादी ने बताया कि एजेंट ने उसके भाई को इटली भेजने के नाम पर पांच लाख रुपए लिए, मगर इटली के बजाए उसे लीबिया भेज दिया जहां उसके भाई को पुलिस ने पकड़ लिया। अब उसका भाई जेल में बंद है। कुरुक्षेत्र से फरियादी ने बताया कि एजेंट ने उसे इंग्लैंड भेजने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी की। न तो उसे इंग्लैंड भेजा गया और न ही पैसे वापस किए गए। इसी तरह, बराड़ा निवासी महिला ने बताया कि उसके पति को दुबई भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे तीन लाख रुपए की ठगी की। अम्बाला शहर के गांव मेतला निवासी महिला ने बताया कि एजेंट ने उसके बेटे को पुर्तगाल भेजने के नाम पर पौने तीन लाख रुपए की ठगी की। अब तक एजेंट ने न पैसे लौटाए न ही बेटे को विदेश भेजा। इसी प्रकार, करनाल से आई महिला ने उसके बेटे को अमेरिका में दस साल से लिए वर्क वीजा पर भेजने का झांसा देकर उससे 50 लाख रुपए ठगी का आरोप लगाया।

**गृह मंत्री अनिल विज ने इन मामलों में कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए**

भिवानी से आए परिवार ने मारपीट मामले में आईओ द्वारा आरोपी पक्ष का साथ देने के आरोप लगाए जिस पर गृह मंत्री ने भिवानी के एसपी को आईओ बदलने के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र निवासी महिला ने दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने और आईओ द्वारा दूसरे पक्ष का साथ देने का आरोप लगाया जिस पर मंत्री विज ने आईओ से जांच बदलने के निर्देश एसपी को दिए। इसके अलावा, कैथल से डेरा बाबा राजपुरी बड़ी देवी तालाब मंदिर कमेटी ने मंदिर पर कब्जे का आरोप लगाया। करनाल से आए विकलांग ने ठगों पर हरियाणा सहकारी समिति में नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रुपए ठगी करने का आरोप लगाया, फतेहाबाद निवासी व्यक्ति ने ट्रेक्टर के नाम पर लोन देने पर ठगी करने, जींद निवासी व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर मकान पर कब्जा करने, भिवानी निवासी फरियादी ने अपनी ही पत्नी पर घर पर कब्जे का आरोप लगाया। इसी तरह, खानपुर अम्बाला निवासी महिला ने बेटे के हत्यारों पर उसे भी धमकाने का आरोप लगाया, करनाल के गांव नलीपार निवासी युवक ने यमुना नदी के डेंजर जोन माइनिंग करने का आरोप लगाया। सोनीपत निवासी फरियादी ने चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने, अम्बाला शहर निवासी मजदूर ने ठेकेदार पर उसकी 32 हजार रुपए मजदूरी नहीं देने, कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने प्राइवेट कंपनी पर लेबर उपलब्ध कराने पर उसे 10 लाख रुपए राशि नहीं देने का आरोप लगाया। इसके अलावा, अन्य कई मामले सामने आए जिन पर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल, महासचिव संजीव सोनी सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी-मनोहर की नीतियों में विश्वास जता रही क्षेत्र की जनता : नगेंद्र भड़ाना

## एनआईटी क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों की राशि मंजूर करने पर पूर्व विधायक ने जताया मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री का आभार

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए 626.59 करोड़ की राशि मंजूर की है, जिसमें एनआईटी क्षेत्र के लिए करोड़ों की राशि मंजूर करने पर पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने मुख्यमंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार जताया है।

उन्होंने बताया कि उक्त राशि के टैंडर 16 से 20 फरवरी तक जारी कर दिए जाएंगे, जिसके बाद क्षेत्र में विकास कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो जाएंगे। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि पिछले करीब 178 दिनों से वह क्षेत्र की गली-गली, गांव-गांव में जनसंपर्क कर रहे है और इस दौरान उन्होंने लोगों की बिजली, पानी, सडक, सीवरेज आदि समस्या को गंभीरता से जाना और सभी समस्याओं का मसौदा तैयार करके बार-बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास भेजा और अब मुख्यमंत्री ने इस पर संज्ञान लेते हुए यह राशि क्षेत्र के विकास के लिए जारी की है, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूरे एनआईटी क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार जताते है। उन्होंने कहा कि यह हमारी मेहनत की जीत है क्योंकि कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के चलते क्षेत्र में विकास कार्य बाधित हो गए थे, लेकिन उनके प्रयासों से अब फिर से क्षेत्र में विकास कार्य युद्धस्तर पर चलेंगे। उन्होंने विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह केवल नौटंकी करते है, उन्हें जनता के सुख-दुख से कोई लेना देना नहीं है। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि करीब छह महीनों के जनसंपर्क के दौरान उन्होंने जाना कि क्षेत्र की जनता मोदी-मनोहर की नीतियों में आस्था जता रही है और लगातार तीसरी बार केंद्र व प्रदेश में सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि एनआईटी क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि इस राशि से विधानसभा 86 के वार्ड-5 बालकल्याण स्कूल पॉकेट, वैध रोड, कुमाउ मदिंर रोड, नेतराम सरिया रोड, जीवन नगर भाग-1 एंव भाग-2, वार्ड-9 नंगला इन्कलेव, नगंला से सरूरपुर वाली मुख्य रोड, सुभाष चौक से गाजीपुर रोड, लालू एसटीडी से गाजीपुर, अटल चौक से सोनिया चौक, भडाना चौक, सरंपच चौक, गजीपुर रोड, डबुआ कालोनी, डबुआ गांव, गांव बाजडी, जवाहर कालोनी डिपोजल के पास, खंड बी, कपडा कालोनी, 60 फीट रोड, दयाशकंर गिरी वाली रोड, गांव गौछि, राजीव कालोनी, संजय कालोनी की स्थिति जल्द ही सही हो उसके लिए लगभग 10 करोड के टैंडर लग गए है जिसमें वार्ड नम्बंर 3 में 4 पानी के ट्यूब्ले 14.33 लाख, दयाशकंर गिरी रोड से सोहना रोड तक सीवर लाईन 24.90 लाख, दयाशकंर गिरी रोड से सोहना रोड तक आरसीसी नाला एंव आरएमसी सडक का निर्माण 82.09 लाख, वार्ड 5 नेतराम सरिया रोड आरसीसी सडक का निर्माण 28.86 लाख, नेतराम सरिया रोड नाले का निर्माण 65.19 लाख, वैध रोड पर आरसीसी नाला एंव सडक का निर्माण 89 लाख, वार्ड 8 कपडा कालोनी में आरसीसी नाला 45.99 लाख, ई ब्लांक में गलियों का निर्माण 48.95 लाख, वार्ड 9 सरपंच चौक से शिव मदिंर तक नाले का निर्माण 14.53 लाख, अतंराम फौजी मार्ग सुभाष चौक से गाजीपुर रोड सीवर लाईन डालने का काम 48.29 लाख, हां हां काली मदिंर से हरपाल की कौठी वाय लालू एसटीडी नाले का निर्माण 37.77 लाख, आर्य समाज पाकेट सीवर लाईन एंव पानी की लाईन एंव गली का निर्माण 32.94 लाख, गुलाब पाकेट में सीवर लाईन एंव पानी की लाईन के लिए 61.23 लाख, अंतराम फोजी मार्ग से सुभाष चौक से गाजीपुर रोड तक नाले का निर्माण 53.90 लाख, प्रकाश पाकेट लालू एसटीडी पर सीवर लाईन एंव पानी की लाईन के लिए 51.46 लाख, अटल चौक से सोनिया चौक आरसीसी नाले का निर्माण 56.81 लाख, गलियों के निर्माण 78.38 लाख, भडाना चौक से काली मदिंर वाय सुभाष चौक तक नाले का निर्माण 58.26 लाख, सुभाष चौक गली 1 से 6 एंव लाला खान पाकेट में सीवर लाईन एंव पानी की लाईन के लिए 56.25 लाख के काम के टैंडर नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लगा दिए गए है।



# समूचे पृथला क्षेत्र के लोगों को कराए जाएंगे रामलला के दर्शन: दीपक डागर

## भाजपा नेता ने रामलला के दर्शन के लिए बस को अयोध्या धाम किया रवाना

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर ने जाजरू गांव के मंदिर से राम भक्तों की बस को झंडी दिखाकर रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम, जय रामलला की जैसे जयकारे लगाकर पूरे माहौल को राममय कर दिया। इस मौके पर दीपक डागर ने कहा कि लोगों को तीर्थस्थल भेजना पुण्य का कार्य है और उनका उद्देश्य है कि पूरे क्षेत्र के लोगों को बस के द्वारा ऐसे तीर्थ स्थलों पर भेजा जाए जहां उन्हें मानसिक व आतमिक शांति मिल सके। दीपक डागर ने कहा कि उनके गाँव जाजरू से जो बस अयोध्या जा रही है यह शुरुआत है अब इसी क्रम में पूरे पृथला विधानसभा क्षेत्र से श्रद्धालुओं की बस तीर्थस्थलों पर रवाना की जाएंगी जिसमें वो अपना सहयोग देंगे। दीपक डागर ने सभी रामभक्तो का आशीर्वाद लिया व उनकी यात्रा की मंगलकामना की। दीपक डागर ने कहा कि 500 वर्षों का स्वप्न साकार हुआ है। लोगों में रामलला के दर्शन करने के लिए भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि पूरे भारत की जनता राम मंदिर के लिए मोदी जी की आभारी रहेगी। दीपक डागर ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे यह बसें भेजकर अपना फर्ज निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि तीर्थस्थल बसें भेजने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री बालकृष्ण महाराज ने बताया कि यह बस अयोध्या धाम होती हुई अन्य तीर्थस्थलों के दर्शन के करती हुई 13 फरवरी को वापिस आएगी। पुजारी ने बताया कि 11 किलो का घंटा समाजसेवी व भाजपा नेता दीपक डागर द्वारा भेंट किया गया है, जिसे वो अयोध्या धाम में देंगे।



# एकॉर्ड अस्पताल में ईराक के पार्किंसन मरीज की सफल सर्जरी, दिमाग में डाला गया पेसमेकर

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल गंभीर से गंभीर बीमारियों के इलाज में आए दिन अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर मरीजों को जीवनदान दे रहा है। हाल ही में अस्पताल में एक बेहद दुर्लभ सर्जरी की गई है। सात साल से पार्किंसन की बीमारी से जूझ रहे ईराक हातिम की सर्जरी कर दिमाग में पेसमेकर डाला गया। दुर्लभ सर्जरी के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ है। इस सफल सर्जरी को अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, न्यूरो सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. विक्रम दुआ और डॉ. रवि शेखर की टीम ने अंजाम दिया। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. विक्रम दुआ ईराक निवासी 59 वर्षीय हातिम सात साल से पार्किंसन की बीमारी से पीड़ित था। उसे बीमारी की शुरुआत में कंपकंपी और ब्रैडकिनेसिया (चलने-फिरने में कठिनाई) की परेशानी हुई और बाद में उसमें कठोरता आ गई। दवाओं के साथ उसका इलाज किया जा रहा था लेकिन उसके लक्षण बिगड़ते रहे और वह जो दवाएं ले रहा था। उससे साइड इफेक्ट होने लगे। बिना दवाओं के वह न तो ठीक से चल पाता था और न करवट लेता था और न ही बिस्तर से उठ पाता था। दवाओं से भी वह अपने हाथों और पैरों को नियंत्रित नहीं कर पाता था। अनेक अस्पतालों में इलाज कराने के बाद भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ और उसके लक्षण बिगड़ते गए। हाल में वह इलाज के लिए एकॉर्ड अस्पताल में आया। उसे डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी कराने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि यह एक नई तकनीक है, जिसमे मरीज को बेहोश किए बिना सर्जरी को अंजाम दिया गया। इसमें दिमाग के राइट और लेफ्ट साइड दोनों हिस्सों में सबथैलेमिक न्यूक्लियस में इलेक्ट्रोड डाले गए। इससे जो डोपामाइन निकलते हैं, उससे पार्किंसन की बीमारी खत्म हो जाती है। इस सर्जरी के बाद मरीज को अब दवाइयों खाने की जरुरत बंद और दवा के साइड इफेक्ट भी खत्म हो गए। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है। उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि पार्किंसन की बीमारी लोगों में तेजी से बढ़ रही है। खासकर युवाओं में पार्किंसन बीमारी के मामले ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। शुरुआती सालों में इसके लक्षण काफी धीमे होते हैं, जिसे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। इसके चार मुख्य लक्षण हैं। इसमें हाथ, बाजू, टांगों, मुंह और चेहरे में कंपकपाहट होना, जोड़ों या हरकतों में धीमापन और संतुलन व तालमेल बिगडना शामिल हैं। शुरू में रोगी को चलने, बात करने और दूसरे छोटे-छोटे काम करने में दिक्कत महसूस होती है। यदि समय रहते बीमारी का इलाज शुरु कर दिया जाए तो उसे बढने. से रोका जा सकता है और मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता है।



# मोदी-मनोहर सरकार की नीतियों से लाभानवित हो रहा हर वर्ग : सीमा त्रिखा

## विधायक ने उज्जवला योजना के तहत बांटे मुफ्त गैस सिलेंडर



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा बडख़ल-87, फरीदाबाद विधानसभा में पहुंची। इस यात्रा में केंद्र व हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए कैम्प बडख़ल गांव में दिल्ली मसजिद के पास आयोजन किया गया।

कैम्प में मुख्य अतिथि बडखल की विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी, मूलचंद शर्मा, मास्टर जी, हरिंदर शर्मा आदि मौजूद थे। इस मौके पर विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम है, लोगों को घर-घर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व वाली सरकार जन-जन के विकास में लगी हुई है और देश-प्रदेश को विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचा रही है।

इस दौरान विधायक सीमा त्रिखा जी के द्वारा प्रधानमंत्री जी की उज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर वितरण किए। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार हर वर्ग का उत्थान कर रही है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगाए गए कैंप में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे - परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, उज्ज्वला योजना, आयुष, स्वास्थ्य जांच इत्यादि में किसी भी प्रकार की समस्या या नए बनाने का कार्य किया गया जा रहा है और हजारों लोग इससे लाभानवित हो रहे है। उन्होंने कहा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर जहां फरीदाबाद को विकास की नई बुलंदियों पर ले जा रहे है वहीं बडखल की विधायक सीमा त्रिखा भी इस क्षेत्र में विकास की बयार बहा रही है और युद्धस्तर पर विकास कार्य करवा रही है।

# 'रोजगार दो, न्याय दो-जय जवान' अभियान के माध्यम से प्रत्येक युवा तक पहुंचेगी हरियाणा युवा कांग्रेस : नितिन सिंगला

## फरीदाबाद में युवा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शुरू किया गया अभियान




**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** 'रोजगार दो, न्याय दो-जय जवान' अभियान के माध्यम से हरियाणा युवा कांग्रेस प्रत्येक युवा तक पहुंचेगी और उनकी आवाज को बुलंद करने का काम करेगी। उक्त वक्तव्य फरीदाबाद युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला ने आज ओल्ड फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर युवा कार्यकर्ताओं के साथ 'रोजगार दो, न्याय दो-जय जवान' अभियान की शुरूआत के दौरान व्यक्त किए। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं में रोजगार दो न्याय दो स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर अपना विरोध जताया। इस मौके पर नितिन सिंगला ने कहा कि हरियाणा बेरोजगारी में पूरे देश में पहले स्थान पर है। बीजेपी जेजेपी सरकार निरंतर प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। सरकार ने सीईटी ग्रुप सी की 32,000 एवं ग्रुप डी की 13,536 भर्तियों को 2021 से लंबित रखा है। नतीजों को एक साथ घोषित न कर धांधली की गई है। तीन साल में केवल एक बार सीईटी लेने से लाखों अभ्यर्थीयों को परीक्षा देने से वंचित रखा गया है । उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में टीजीटी और पीजीटी मिलाकर 27, 878 अध्यापकों के पदों को अब तक भरा नहीं गया है। प्रदेश सचिव विकास दायमा ने कहा कि पिछले दस साल से जेबीटी की भर्तियां नहीं हुई हैं। सरकारी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के 62 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। विश्वविद्यालयों में भी हजारों पद खाली पड़े हैं। एमपीएचडब्ल्यू ( पुरुष) की भर्तियां दस साल से नहीं निकाली गई हैं। 2019 से फार्मासिस्ट की भर्ती नहीं निकाली गई हैं। एचकेआरएन के माध्यम से पक्की नौकरियों का रास्ता बंद किया गया है। कुल मिलाकर हरियाणा प्रदेश में न सिर्फ़ शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत व्यवस्था बर्बाद हो रही है बल्कि हजारों युवाओं को रोजगार से भी वंचित कर सरासर अन्याय किया जा रहा है। प्रदेश सचिव ललित शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान के निर्देश पर अब हरियाणा युवा कांग्रेस ने कमर कस ली है। युवा कॉंग्रेस का लक्ष्य है कि कॉलेज, युनिवर्सिटी, लाइब्रेरी, कोचिंग सेंटर, और गांव गांव जाकर 'रोजगार दो, न्याय दो' मुहिम से प्रत्येक युवा को जोड़ेगी। इस डोर टू डोर अभियान में युवा कांग्रेस पर्चे बांटेगी और बेरोजगारी के विरुद्ध अलख जगाएगी। जिला संयोजक जय जवान अभियान सतीश भुर्जा, विनय भाटी, नदीम सैफी, ओमप्रकाश चौधरी, निशा गौतम ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार की ग़लत नीतियों के खिलाफ़ हर जिले में मशाल यात्रा और मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी । बेरोजगारी और अव्यवस्था बढ़ाने वाली अग्निपथ योजना के विरोध में भी आवाज़ उठाई जाएगी और युवाओं के साथ हो रहे अन्याय की बात रखी जाएगी। हरियाणा युवा कांग्रेस 'रोजगार दो, न्याय दो जय जवान' के माध्यम से हरियाणा प्रदेश में रोजगार और न्याय की अनुपलब्धता से युवाओं को अवगत करवाएगी।

# 'शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर बनाते हैं देश का भविष्य उज्जवल' : राजन मुथरेजा

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** बडख़ल-नीलम बाटा रोड स्थित दीनानाथ पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजाऔर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भाग लिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा जोरदार रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी बच्चों को और सांस्कृतिक कार्यकर्म में भाग लेने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक राकेश सचदेवा और राधा सचदेवा ने जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा का और जिला भाजपा कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा सहित आए सभी गणमान्य लोगों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया । स्कूल संचालक राकेश सचदेवा ने इस मौके पर जानकारी दी की स्कूल पिछले 30 वर्षों से भी ज्यादा समय से बहुत ही न्यूनतम फ़ीस लेकर बच्चों को उच्च शिक्षा देने का काम कर रहा है। इस मौके पर राजन मुथरेजा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज जिन बच्चों ने वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है वह सभी बधाई के पात्र हैं श्री राजन मुथरेजा ने आने वाली परीक्षाओं को लेकर बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए मोटिवेट किया। उन्होंने कहा की देश का भविष्य केवल और केवल बच्चों आप हैं शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर बनाते हैं देश का उज्जवल' भविष्य बनाने मैं अहम भूमिक निभाते है और दीनानाथ पब्लिक स्कूल इस काम को बखूबी तरह निभा रहा है। इस मौके पर एमपी सिंह , कैलाश चंदर आज़ाद, कैलाश गुगलानी, रेनू भाटिया, सुनील भाटिया, शीतु माटा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# देशी-विदेशी कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से छोटी चौपाल पर जमाया रंग

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में अबतक साढ़े पांच लाख से ज्यादा पर्यटक पहुँच चुकें हैं। आज शनिवार को कार्यालयों में अवकाश के चलते शिल्प मेला में लगभग डेढ़ लाख देशी-विदेशी पर्यटक पहुंचे। शिल्प मेला प्रशासन द्वारा पर्यटकों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं मेला परिसर में जुटाई गयी हैं तथा सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में पहुँच रहे पर्यटकों का मुख्य चौपाल एवं छोटी चौपाल पर देशी-विदेशी कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियों से मनोरंजन कर रहे हैं। हरियाणवी हास्य कलाकार मास्टर महेंद्र भी अपने हास्य व्यंग से समाज में व्यापक नशाखोरी समाप्त करने का सन्देश भी दे रहे हैं। छोटी चौपाल में हास्य कवि मास्टर महेंदर ने अपनी हास्य कविता अडियल कुत्ता व सडियल शराबी के माध्यम से समाज में व्यापक नशाखोरी पर कड़ा प्रहार करते हुए दर्शकों को हर प्रकार के नशे से दूर रहने का सन्देश दिया। उन्होंने अपने चुटकुलों से उपस्थित गण को हंसा कर लौटपोट किया। छोटी चौपाल पर माली के कलाकारों ने हिंदी फिल्मों का गीत हमकों तुमसे हो गया है प्यार क्या करें गुनगुना कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। उन्होंने अपना लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। असम के कलाकारों ने प्रसिद्ध लोक नृत्य बिहू की शानदार प्रस्तुति दी। इस नृत्य की प्रस्तुति में भैंस के सींग से बना हुआ वाद्य यंत्र तथा मिट्टी से बना विशेष वाद्ययंत्र प्रयोग किया जाता है। मिट्टी से बनाये गये इस विशेष वाद्ययंत्र से कोयल की सुरीली आवाज़ निकल रही है। घाना के कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने लोक नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियाँ बटौरी। हरियाणवी कलाकार सौरभ अत्री ने अपने भजनों से छोटी चौपाल में खूब समां बाँधा। उन्होंने श्रीकृष्ण किस्से से मैं भरण गयी थी नीर राम की सूं, जमना जी के तीर राम की सूं की प्रस्तुति दी। उन्होंने शिव-पार्वती के किस्से से तू राजा की राजदुलारी, मैं सिर्फ लंगोटे आला सूं, भांग रगड़ के पीया करूं मैं कुण्डी सोटे आला सूं के माध्यम से शिव-पार्वती के वार्तालाप की प्रस्तुति दी। उन्होंने अगली प्रस्तुति में जहाज़ के में बैठ गोरी राम रट कै, ओढना संगवा ले तेरा पल्ला लटकै की प्रस्तुति पर दर्शकों की तालियाँ बटौरी।



# नैक ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में सबसे बड़ी उपलब्धि : बंडारू दत्तात्रेय

## ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलने पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दी केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़, 10 फरवरी।** हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नाम एक और उपलबधि जुड़ गई है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की ओर से जो रेटिंग जारी की गई है, जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस-प्लस ग्रेड दिया गया है। इसी के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल हो गया है जो हरियाणा राज्य की 21 सरकारी विश्वविद्यालयों की सूची में पहला विश्वविद्यालय बना है जिसे नैक द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इतिहास में यह सबसे बड़ी उपलबधि है। सात पहलुओं पर नैक टीम ने निरीक्षण किया था। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अधिकतर में अच्छे अंक मिले हैं।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय हरियाणा राजभवन चंडीगढ़ में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलने की बधाई देते हुए बोल रहे थे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एल्यूमनी व विद्यार्थियों को भी बधाई दी।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अकादमिक, शोध, अनुसंधान, सांस्कृतिक क्षेत्र, खेल, एवं विभिन्न उपलबधियों के आधार पर हुए



मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन किया। विभागवार प्रगति रिपोर्ट, छात्रावास, प्रशासनिक कार्यालय, शैक्षणिक सुविधाएं, विश्वविद्यालय शिक्षा एनईपी-2020, अनुसंधान और नवाचार में बेहतर सुविधाएं विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराई गईं। विश्वविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में उठाए गए कदम, विश्वविद्यालय में देश व विदेशों के कोने-कोने से स्टूडेंट्स का प्रवेश, पेटेंट, एमओयू, उच्च स्तर की वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, पुस्तकालय, ऑयन बीम सेंटर, हेल्थ सेंटर, धरोहर हरियाणा संग्रहालय, रूसा, विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम, वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम, प्रत्येक मंगलवार को नो व्हीकल डे, ग्रीन कैम्पस व पर्यावरण को सुरक्षित रखने के पॉइंट्स ने नैक टीम को काफी प्रभावित किया जिसके आधार पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा 13 से 15 सितंबर, 2023 को किए गए निरीक्षण के आधार पर कुवि को 3.56 के स्कोर से ए प्लस प्लस ग्रेड दिया गया है।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने नैक का उच्चतम ग्रेड प्राप्त होने व इस बड़ी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के समय-समय पर मिलने वाले मार्गदर्शन व कुशल नेतृत्व को दिया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का निरीक्षण 13 से से 15 सितम्बर के बीच में किया गया था। नैक की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा संचालित हो रहे तरह-तरह के प्रोग्राम, एलुमनाई एसोसिएशन, शिक्षकों और स्टूडेंट्स से इंटरेक्शन करते हुए विश्वविद्यालय को लेकर जानकारी ली थी। इसमें टीम द्वारा विश्वविद्यालय के एकेडमिक्स, अनुसंधान, खेल शोध समेत अन्य चीजों के बारे में जानकारी ली थी। इसके आधार पर कुवि को सबसे उच्चतम ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्रदान किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ए-प्लस प्लस ग्रेड मिलने से शिक्षकों और विश्वविद्यालय प्रशासन में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व सभी हितधारकों के मिलकर किए गए सार्थक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलाया जायेगा ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान

## 12 फ़रवरी से 12 मार्च तक रोजाना 5 गाँव में चलाया जायेगा ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान : बलदेव अलावलपुर

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर ने ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 12 फ़रवरी से 12 मार्च तक रोजाना 5 गाँव में ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान चलाया जायेगा। ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बलदेव अलावलपुर ने कहा कि इस अभियान के तहत रोजाना 5 गाँव में किसानों से मोदी सरकार के 10 वर्षों के किसान हितैषी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और किसानों की स्थानीय समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना व उनके समाधान सम्बंधित सुझाव भी लिए जाएंगे । आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि देश में चार प्रमखु वर्ग हैं, गरीब, किसान, यवुा और महिलाएं और इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है ।2014 में मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, किसानों को केंद्र में रखने वाली कई नीतियों और योजनाओं को लागू किया गया है । भाजपा के लिए सबसे वंचित और पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचना सिर्फ एक चनुावी वादा नहीं, एक संकल्प है। किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाएं इस बात की साक्षी हैं कि मोदी सरकार अंत्योदय के सिद्धान्त को समर्पित है । ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान के दौरान किसानों और ग्रामीण विकास की योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जल जीवन मिशन, ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, जन धन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सिंचाई योजना आदि 10 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई किसान हितैषी एवं कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें अवगत भी कराएंगे।

ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारम्भ 12 फरवरी को दोपहर




12:30 बजे मुज्जफर नगर (उत्तर प्रदेश) के माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर प्रांगण, शक्रु ताल से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जे.पी. नड्डा जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद श्री राजकुमार चाहर जी द्वारा किया जाएगा जिसमें 50,000 से अधिक किसान उपस्थित रहेंगे । शुभारम्भ कार्यक्रम का देश के सभी संगठनात्मक ज़िलों में स्क्ष्वष्ठ स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया जायेगा, हर प्रसारण स्थल पर 3000 से अधिक किसानों को आमंत्रित भी किया जाएगा। इस शुभारम्भ प्रसारण को फरीदाबाद के पृथला विधानसभा क्षेत्र के गाँव जवां की चौपाल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस अभियान के निमित बलदेव अलावलपुर को कार्यक्रम जिला संयोजक, पंकज सिंगला, मनीष राघव, योगेश तेवतिया और कुशल ठाकुर को सह संयोजक नियुक्त किया गया है और भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नरवीर मलिक को इस कार्यक्रम के निमित जिला मिडिया व सोशल मिडिया प्रमुख बनाया गया है । इस कार्यक्रम के जिला संयोजक बलदेव अलावलपुर ने बताया कि इस यात्रा के निमित भाजपा किसान मोर्चों के पदाधिकारियों द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की गई है।

# कार चोरी, केस दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** शहर के एक जिम के पास खड़ी कार चोरी हो गई। पुलिस ने इस संदर्भ में शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी राजेन्द्र ने बताया कि वार्ड नम्बर 11 निवासी मोहित ने कार जिम के पास खड़ी की थी। आठ फरवरी को अज्ञात चोर कार को चोरी करके ले गए। केस दर्ज कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

# ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार की हुई मौत

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** कोट गांव के निकट ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत हो गई। बहीन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी चरण सिंह ने बताया कि नूँह जिला के मड़ियाकी निवासी मुस्तफा ने बयान दिया है कि वह बाइक पर अपने पिता रज्जाक के साथ बुआ के घर कोट गांव आया था। वे कोट से वापिस लौट रहे थे कि आलीमेव रोड पर ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से मुस्तफा तो उछलकर दूर जा गिरा। ट्रैक्टर का पहिया उसके पिता को कुचलते हुए निकल गया। मौके पर रज्जाक की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची ।लाश को पोस्टमार्टम के लिए होसपिटल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई है।

# उजाला कर गयी राजवती अन्जान के अंधेरे जीवन में



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** हर इंसान चाहता है कि जीवन मे ऐसा कुछ करे कि मरने के बाद भी लोग उसे याद करे। लेकिन इसके लिए कुछ असाधारण काम करने होते है। जिंदगी यह मौका हर किसी को नहीं देती। लेकिन अंतिम समय में इंसान के मन में यह बात जरूर आती है कि काश, मैं भी कुछ असाधारण काम, कुछ अच्छे काम कर पाता/या कर पाती ताकि मेरा अगला जन्म सुधर जाता। ऐसा ही पुण्य का कार्य करके न्यू कालोनी के रहने वाले स्वर्णकार ऐसोसिएशन के अध्यक्ष जुगल किशोर वर्मा की धर्मपत्नी ईश्वरभक्त श्रीमती राजवती के स्वर्गवास के बाद उनके परिजन दर्पण वर्मा, निश्चल वर्मा, निपुण वर्मा, सतश्री सोनी, सुरेन्द्र वर्मा ने उनके नेत्र पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज की मदद से नागरिक अस्पताल पलवल की नेत्रदान टीम को करवा दिये। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुँज के संयोजक आर्यवीर लायन विकास मित्तल ने बताया कि एक व्यक्ति के द्धारा किये गये नेत्रदान से कम से कम दो लोगों को नेत्र ज्योति दी जा सकती हैं । कमाए हुए धन को दान करने में तो एक बार इंसान संकोच करता है, लेकिन रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान करने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। इस नेत्रदान में राजकुमार आर्य और पलवल डोनर्स क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने नेत्रदानी परिवार और पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुँज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। हम इससे किसी दृष्टिहीन के अँधेरे जीवन में रोशनी भर सकते हैं। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल के नेत्रबैंक की टीम के डा. महिमा, नेत्रदान काउंसलर दर्शन, ओ ए श्रषिराज आदि उपस्थित थे।

# रक्तदान व निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज, भारत विकास परिषद और जिंदल हासपिटल एवं केसंर सेंटर के सयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य की रक्तदान सेवा की उपसमिति के सदस्य एवं पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल, डा. नोवक गुप्ता एवं परिषद की पलवल शाखा की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पलवल के विधायक दीपक मंगला, डा. प्रदीप कुमार गुप्ता , समाजसेविका कविता जिंदल, डा. नितिका गुप्ता व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। शिविर में सामान्य चिकित्सक डा. प्रदीप कुमार गुप्ता, कैंसर रोग विषेशज्ञ डा. नोवक गुप्ता, महिला चिकित्सक डा. निकिता गुप्ता के द्वारा अनेक लोगो की स्वास्थ्य की विभिन्न जांच निशुल्क की गयी और साथ ही रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में ईसीजी, हीमोग्लोबिन, शुगर, रक्तचाप आदि की भी निशुल्क जांच की गयी। मुखय अतिथि विधायक दीपक मंगला ने संस्थाओं द्वारा मानव सेवा व समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान वास्तव में ही महादान है। रक्तदान से बड़ा दुनिया में कोई दान नहीं है। इसके माध्यम से कई जिंदगी बचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम संयोजक डा. नोवक गुप्ता, विकास मित्तल, अल्पना मित्तल और डा. निकिता गुप्ता ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। मानवीय गुणों को धारण करना ही सबसे बड़ा संस्कार है। रक्तदान अनजान व्यक्ति को जीवन दान देने समान है। इसका अहसास हमें तब होता है, जब कोई अपना, जिंदगी और मौत से जूझ रहा होता है। इसीलिए सभी को रक्तदान जरूर करना चाहिए, जिससे किसी दूसरे की जिंदगी को बचाया जा सके।कार्यक्रम में डा.नरेश डागर,सुरेश,नेपाल सिंह, संजीव, विशाल, आकाश, दीपिका, पवन संजीव, जितेन्द्र डागर, गीता, अन्नु, सीमा, बबलु, सुरेश, सचिन, कृष्णा, मिंटु , कुसुम, माया, पिंकी ने विशेष सहयोग किया।

# रैली स्थल का निरीक्षण करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज होडल पहुंचे

**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** होडल की अनाज मंडी में आज होने वाली जन आक्रोश रैली के आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है। रैली स्थल व सत्ती सरोवर के आसपास हैलीकाप्टर के माध्यम से गुलाब की पंखुडियों से लोगों पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। जन आक्रोश रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा है कि होडल अनाज मंडी में होने वाली यह रैली सबसे बड़ी और ऐतिहासिक रैली होगी। जिसमें हरियाणा प्रदेश के कई दर्जन कांग्रेस विधायक,वरिष्ठ नेता और हजारों की संख्या में महिला पुरुष हिस्सा लेंगे। रैली के आयोजन को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज होडल पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के साथ रैली स्थल, हैलीपैड,मंच और रैली में पहुंचने वाले महिला पुरुषों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया और प्रदेश अध्यक्ष के साथ अपने विचार सांझा किए। उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य



देवेश कुमार, अनिरुद्ध व्यास, पृथ्वीसिंह, सुनील धीमान, ओमप्रकाश पटवारी,राजवीर रावत, टेका पार्षद, सुनील भारद्वाज, राजेंद्र नम्बरदार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली में पहुंचने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है। चौधरी उदयभान ने बताया कि रैली के आयोजन को लेकर वह पिछले दो सप्ताह से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का लगातार दौरा कर रहे हैं। रैली को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। चौधरी उदयभान ने कहा कि आज भाजपा की शासन से प्रदेश की जनता पूरी तरह ऊब चुकी है और पूरे प्रदेश की जनता कांग्रेस का शासन आने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में होने वाली जन आक्रोश रैली को लेकर विधानसभा के ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य देवेश कुमार ने बताया कि अग्रसेन चौक स्थित अनाज मंडी में 11 फरवरी को होने वाली रैली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि एवं राज्य सभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा विशिष्ट के रुप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा हेलिकॉप्टर से बाबरी मोड़ स्थित अनाज मंडी में पहुंचेंगे, जहां से पार्टी कार्यकर्ता उन्हें काफिले के साथ रैली स्थल तक लेकर पहुंचेंगे। रैली में कांग्रेस पार्टी के दर्जनों विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता एवं पार्टी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

# निजी विद्यालय के बच्चों ने जीता गोल्ड मेडल व निकाली जागरूक रैली



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** उपमंडल के ऐतिहासिक गांव बहीन में स्थित एक निजी स्कूल के बच्चों द्वारा जागरूक रैली निकली गई। जिसमें नेशनल साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा आयोजित टेस्ट में 7 बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया गया व समाज के बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय से गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों में कक्षा छठी से खुशी, सातवीं से देवयानी, शिवम, शाहनवाज हुसैन तथा कक्षा नौवीं से जागरव, तानिया व प्रिंस रावत शामिल हैं। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्ष सुखवीर सिंह रावत, प्रिंसिपल मधुबाला ने अपने विचार रखें तथा बच्चों को इस प्रकार के कंपटीशन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर विद्यार्थी अनुशासन में रहकर पढ़ाई करे तो वह बड़ी से बड़ी मंजिल को प्राप्त कर सकता है। रैली के दौरान बच्चों ने स्वच्छता तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का भी संदेश दिया। इस अवसर पर नवीन, नितिन, कुमरपाल रावत, भारत भूषण, अनीता, भारती, पूनम, गीता व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क सहायता शिविर के दूसरे दिन विकलांगजनो ने उठाया शिविर का लाभ



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** अलायंस क्लब पलवल सिटी हार्ट द्वारा तीन दिवसीय नि:शुल्क सहायता शिविर में आज दूसरे दिन भी विकलांगजन ने शिविर का भरपूर फायदा उठाया। शिविर रविवार 11 फरबरी तक चलेगा। शिविर में अभी तक 226 लोग लाभ ले चुके है व 347 उपकरण बांटे गए। जिसमे 49 व्हील चेयर, 125 पोलियो कैलिपर, लेग 54, बेशाखी 37 जोड़े, कान की मशीन 58, बेंत स्टील 24, जरूरत के हिसाब से दी गई। शिविर को सफल बनाने में भगवान महावीर विकलांग सहायता शिविर की टीम का पूरा सहयोग रहा। कई विकलांग व्यक्तियों द्वारा भी इस शिविर की सराहना की। इस तरह के केम्प लगने चाहिए जिसमें न ही किसी विकलांग को परेशान या भटकना नही पड़ रहा है व पूरी तसल्ली से उपकरण फिट किए जा रहे है। इस मौके पर क्लब के प्रधान धनेश मंगला, सदस्य मनीष जैन, महेश सिंह, देविंदर अधाना, सचिन सिंगला, संदीप सिंगला, कपिल गोयल, प्रदीप मंगला, मनीष सिंगला, दीपक सिंगला, पार्षद हरिकिशन तेवतिया, अनिल बंसल, होशियार सिंह, हरकेश शर्मा आदि ने अपना सहयोग दिया।

## संपादकीय

# देश के रत्न

केंद्र की बीजेपी सरकार ने एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिंह राव के साथ ही कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की। निश्चित रूप से इन तीनों का देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में अहम योगदान रहा है, जिस पर कोई सवाल नहीं खड़ा कर सकता।

**पांच भारत रत्न :** देश के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने एक महीने के अंदर पांच भारत रत्न देने की घोषणा की है। पिछले महीने ही कर्पूरी ठाकुर को और फिर BJP के सबसे कद्दावर जीवित नेता लालकृष्ण आडवाणी को यह सम्मान देने का एलान हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि इन पांच भारत रत्नों में से डॉ. स्वामीनाथन को छोड़ दिया जाए तो बाकी नाम राजनीति से जुड़े हैं।

**किसान नेता को सम्मान :** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देना किसान राजनीति की अहमियत स्थापित करने और कृषि में सुधार के मुद्दे को अजेंडा पर लाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना है। यह अलग बात है कि घोषणा ऐसे समय हुई जब उनके पोते RLD नेता जयंत चौधरी के विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. में बने रहने या NDA में आने को लेकर असमंजस बना हुआ था। इस घोषणा के बाद जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार ने दिल जीत लिया। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। साथ ही, NDA से जुड़ने के संकेत भी दिए।

**ऐतिहासिक आर्थिक सुधार :** पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को मुक्त अर्थव्यवस्था की राह पर आगे बढ़ाने का साहसिक फैसला किया था। इस फैसले के सकारात्मक नतीजे हम उसके बाद के दशकों में जीवन के हर क्षेत्र में आए बदलावों और वैश्विक फलक पर देश की बढ़ती साख के रूप में देखते रहे हैं। फैसले का अच्छा पहलू यह है कि इसमें दलगत भेदभाव से ऊपर उठने का भाव दिखता है।

**कृषि वैज्ञानिक का योगदान:** इस साल भारत रत्न पाने वाली तमाम शख्सियतों में डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन का ही नाम ऐसा है, जिसे हर तरह के विवाद से परे माना जा सकता है। देश अगर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सका और फूड सिक्यॉरिटी सुनिश्चित कर सका तो उसके पीछे हरित क्रांति के जनक के तौर पर ही नहीं उसके बाद भी कृषि के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के उनके अथक प्रयासों की निर्णायक भूमिका रही है।

**अनचाहे विवाद :** इन शख्सियतों के योगदान को स्वीकार करते हुए भी कहना होगा कि भारत रत्न जैसा बड़ा सम्मान देने के तरीके ने कुछ सवाल खड़े किए हैं, जो इस सर्वोच्च सम्मान की चमक को बढ़ाते नहीं हैं। बेहतर होगा भविष्य में ऐसे सम्मानों की घोषणा करते समय इस बात को लेकर और ज्यादा सावधानी बरती जाए कि किसी अनचाहे विवाद के लिए कोई गुंजाइश न छूटे।

# तेज रफ्तार टेंपो ने सड़क के किनारे खड़े बिजली के ट्रांसफार्मर को मारी टक्कर

**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** सोहना की हरी नगर कॉलोनी में वीरवार रात करीब 12 बजे एक टेंपों ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एच पोल से बिजली का ट्रांसफार्मर टेंपो के ऊपर आ गिरा। जिससे टेंपो में सवार चालक व परिचालक उसके नीचे दब गए। टक्कर लगने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से निकाल कर बाहर आए व जेसीबी की मदद से ट्रांसफार्मर को टेंपो से हटाकर चालक व परिचालक को निकाला जिन्हें घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस हादसे के बाद आसपास लगता करीब आधा दर्जन वार्डों की लाइट पूरी तरह गुल हो गई। जिसको लेकर विद्युत विभाग की टीम बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए लगी हुई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लाखों रुपए का नुकसान विभाग का हुआ है। विभाग एस्टीमेट बनाकर पुलिस को सौपा जाएगा व चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। चालक हरी नगर का बताया जा रहा है। पूर्व वाईस चेयरमैन लेखराज ने बताया कि टेंपो चालक तेज स्पीड में सोहना की तरफ से आ रहा था। जब वह हरी नगर में शराब के ठेके समीप पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहनों से बचाया जिससे टेंपू का संतुलन खराब हो गया व टेंपो सड़क के साथ लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज से आसपास की कॉलोनियों के लोग जाग गए और घरों के बाहर निकल आये। जिस समय हादसा हुआ उस दौरान विद्युत सप्लाई चालू थी। टक्कर से ट्रांसफार्मर के समीप लगे बिजली के सभी पोल तिरछी होकर नीचे गिर गए। गनीमत रही कि इस दौरान तारों के टकराने से शार्ट सर्किट नहीं हुआ और टेम्पू में आग नहीं लगी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद सैकड़ों लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। पुलिस और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ट्रांसफार्मर के गिर जाने के कारण हरी नगर, अंबेडकर नगर बालूदा, संगम विहार, पटेल नगर, के बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प हो गई जिसको लेकर विद्युती विभाग की टीम मौके पर पहुंची व कार्य शुरू कर दिया। विभाग के जेई सुमित गर्ग ने बताया कर देर शाम तक बिजली व्यवस्था की आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।

# कांग्रेसी नेता ने चलाया हर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस अभियान



**सिटी 24 न्यूज/सतीश खतरी**

**सिवानी मंडी।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रधान समीर चौधरी से खंड सिवानी के गाँव देवसर, गुरेरा, ढाणी सिलावाली, लीलस, गेंडावास, बख्तावरपुरा व सिवानी शहर में पहुँचकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराया और चलायतहर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस आभियान। समीर चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर हर बुजुर्ग को 6000 रूपये बुढ़ापा पेंशन देंगे, हर गरीब को 100 गज के प्लॉट साथ में मकान और बिजली कनेक्शन फ्री देंगे, 300 यूनिट बिजली फ्री, 500 रूपये गैस सिलेंडर और युवाओं को स्थाई नौकरी दी जाएगी, तथा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाएगी। और समीर चौधरी ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए। कहाँ कि पूर्व में रही कांग्रेस की सरकार के कामकाज गीनवाते हुए कहा कि आप सभी तुलना करके देख ले कि आज के समय भाजपा सरकार में कितने कम हुए हैं और पहले की कांग्रेस की सरकार में कितने कम हुए हैं। समीर चौधरी ने पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह का जिक्र करते हुएँ कहाँ कि लोहारु विधानसभा मैं बहन बेटियों के लिए गर्ल्स कॉलेज खुलवाए,, आई टी आई खुलवाई, पानी की सुविधा के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम किया, सड़को के जाल बिछाने का काम किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस हल्का उपाध्यक्ष अनिल कासनी, महेंद्र गुढ़ा,अनिल गड़वा, राजकुमार कालोद, आदि मौजूद रहें।

# होडल शहीद लेफ्टिनेंट की प्रतिमा स्थापित को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज**

**होडल।** गांव दिघोट में शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट आशीष तंवर की पांचवी मूर्ति स्थापना के अवसर पर शहीद स्मारक समिति की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में ग्रामवासी व सामाजिक संगठनों ने मिलकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि। गांव दिघोट शहीद स्मारक में किए गए शहीद स्मारक समिति की ओर से कार्यक्रम आयोजित के दौरान शाहिद अशीष तंवर की पांचवी मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रामवासी व स्थानीय विधायक जगदीश नायर एवं सामाजिक संगठन व पूर्व सैनिक संगठन के सभी पूर्व सैनिकों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर पूर्व सैनिकों की ओर से ध्वजारोहण कर शाहिद आशीष तंवर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सामूहिक रूप से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई वही कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण रागिनी के माध्यम से भजन गाकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर आशीष तंवर के पिता ने अपने बेटे को याद करते हुए आंखों में आंसू लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की होडल विधायक जगदीश नायर ने संबोधन करते हुए बताया ऐसे शहीदों को कभी भुलाया नहीं जा सकता जिन्होंने अपनी जान पर खेल कर देश पर शहीद होकर हम सब की हमेशा जान बचाने में अपना परम कर्तव्य निभाया है। वहीं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष विजेंद्र पोसवाल ने बताया देश के लिए मर मिटने वाले शहीद अपनी जान पर खेल कर हमेशा से देश की रक्षा करते आए हैं ऐसे शहीदों को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता ऐसे शहीदों की शहादत हमेशा हम सबके दिलों में रहती है।

# सुन्दरह में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेले का हुआ समापन



**मुख्यातिथि विधायक सीताराम यादव ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित**

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र किसानों को उन्नत खेती करने के लिए हुआ सहायक सिद्ध**

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** विधायक सीताराम यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने के लिए बीज से लेकर बाजार तक ख्याल कर रही है। फसल विविधीकरण के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि एवं कृषि उपकरणों पर किसानों को रियायत दी जा रही है जिससे वे स्वावलंबी बन रहे हैं। वे शनिवार को कनीना सब डिवीजन के एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह में दो दिवसीय तृतीय फील्ड एक्सपो के समापन अवसर पर किसानों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। एडीएच डा. धर्म सिंह यादव कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बागवानी का है। एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह दक्षिणी हरियाणा के किसानों को उन्नत खेती करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। किसान यहां से उन्नत किस्म की पौध ले सकते हैं।

उन्होंने प्रगतिशील किसानों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाने और खेती को जोखिम मुक्त खेती करना है। इस योजना के तहत किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। कृषि के साथ-साथ पशुपालन व्यवसाय अपनाने तथा मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। मधुमक्खी पालन के साथ कृषि और गैर-कृषि परिवारों के लिए आय और रोजगार सृजन के लिए कारगर सिद्ध होगा। इस मेले में किसानों को प्रदेश एवं जिले के कृषि एवं बागवानी विषेशज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई एवं निजी कंपनी व विभिन्न विभाग एवं एफपीओ द्वारा 24 स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को ऑर्गेनिक सब्जि, बागवानी की नई तकनीकों, सब्जी की नई किस्मों की जैविक खाद, घुलनशील उर्वरक के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

फील्ड एक्सपो में इस दौरान मुख्य अतिथि ने किसानों को केन्द्र के माध्यम से बागवानी की ज्यादा से ज्यादा खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में सीनियर कोऑर्डिनेटर रमेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी डा प्रेम कुमार, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र सुन्दरह से परियोजना अधिकारी डा. नेहा यादव, जिला उद्यान अधिकारी डा मनदीप यादव, डॉ. अंकुश कुमार,राजेंद्र चेयरमैन अटेली, सूबेदार मुनीलाल शर्मा, विनोद कटकई, सतबीर सिंह, सुदर्शन सिंह, राजकुमार, रोशलाल नांगल, सुभाष चंद गुढा हाजिर थे।

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर महिला-पुरूष को मिलेंगे 12 हजार, 300 यूनिट बिजली फ्री

### छह गावों में हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान बोले कांग्रेसी नेता



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** घर घर कांग्रेस-हर घर कांग्रेस अभियान के तहत शनिवार को कनीना खंड के 4 सहित अटेली के 6 गावों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा व विधान सभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जहर उगला।

एआईसीसी कोर्डिनेटर धीरूभाई पटेल,संयुक्त कोर्डिनेटर गोपालदेव, महेंद्रगढ जिला कोर्डिनेटर पवन बवानिवाला एवं अटेली हलके की पूर्व विधायक अनिता यादव ने कनीना खंड के गांव सुंदरह, कोटिया, गाहड़ा,बागोत सहित भीलवाडा व अटाली में आयोजित सभाओं में ग्रामीणों को सम्बोंधित करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता से जा रही है ओर कांग्रेस पार्टी आ रही है। उन्होंने कांग्रेस शासन के दौरान किए गए विकास कार्यों को जन पटल पर रखते हुए कहा कि पार्टी 36 बिरादरी का समान विकास करवाने में विश्वास रखती है। जबकि भाजपा फूट डालो की राजनीति कर रही है। राममंदिर के नाम पर जनता का बांटा जा रहा है जबकि उनकी ओर से शैशवकाल से ही राम का नाम लिया जा रहा है। राम सभी के हैं। उनको अगडी-पिछडी जाति में डालना गलत है।

उन्होंने कहा कि जब किसी कार्य की शुरूआत की जाती है तो राम का नाम लिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चौ. भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। सरकार बनने के बाद प्रत्येक घर की महिला व पुरूष को 6000-6000 रूपये प्रतिमाह, 300 यूनिट बिजली फ्री, बीपीएल परिवारों को प्लाट दिए जाएगें।

उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ जिले का एनसीआर में शामिल कराया गया था वहीं जाटपाली में केंद्रीय विवि स्थापित करवाया। जहां देशभर के छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल में भाजपा सरकार ने केवल नाम बदले हैं जबकि उनके समय में करवाये गए कार्यों पर सफेदी भी न करवा सकी। इस मौके पर पूर्व सरपंच देशराज यादव, कृष्ण यादव, सुरेश कुमार, सम्राट यादव, सुनील कमार, वेदप्रकाश सहित ग्रामीण हाजिर थे।

# कांग्रेस नेता राकेश तंवर पृथला बने कांग्रेस इलेक्शन कमेटी के सदस्य



**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** असंगठित कामगार और कर्मचारी कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तंवर को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की इलेक्शन कमेटी का सदस्य बनाए गए। नियुक्ति के बाद शनिवार को तंवर जब पृथला गांव में अपने पहुंचने तों वहां तंवर पाल, तेवतिया पाल, डागर पाल, मुस्लिम समाज व दलित एवं पिछडा वर्ग के लोगों ने पगडी बांधकर स्वागत किया।

कांग्रेसी नेता राकेश तंवर ने कहा कि कुमारी सैलजा की कांग्रेस संदेश यात्रा में जुटी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और वे कुमारी सैलजा को हरियाणा की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब भाजपा के झूठ, प्रपंच व पाखंड का करारा जवाब जनता अपनी वोट की चोट से देकर देश-प्रदेश में भाजपा सरकार को चलता करे। उन्होंने कहा कि आज देश-प्रदेश में विकास की बात नहीं की जाति बल्कि लोगों को धर्म-जाति व श्रीराम के नाम पर बांटा जा रहा है। समाज का हर वर्ग प्रताडित हो रहा है। किसान, मजदूर, दलित, पिछड़े, युवा, महिलाओं को भाजपा ने धोखा दिया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल व हरियाणा की बेटी पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा का आभार व्यक्ति किया।

# यूरो स्कूल में हुआ अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** यूरो स्कूल कनीना में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने विद्यार्थियों की चतुर्थ इकाई परीक्षा परिणाम की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव तथा उप-प्राचार्या मंजू यादव ने बैठक में पंहुचे अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षा विद्यार्थी को बेहतर जीवन जीने की दिशा प्रदान करती है। शिक्षा विद्यार्थी को न केवल शिक्षित बनाती है, बल्कि उसे संस्कृति और सभ्यता से परिचित करवाकर उसे राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करती है। संस्कारी शिक्षा अध्यापक व अभिभावक दोनों के दिशा-निर्देशन व सहयोग से ही संपूर्ण होती है। विद्यार्थी को शिक्षित करने मे जितना योगदान शिक्षक का होता है, उतनी ही भूमिका माता-पिता की होती है। सभी विद्यार्थियों को अपने गुरू व अभिभावकों का सम्मान करना चाहिए। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उत्तर पुसतिकाएँ प्राप्त कर परिणाम जाना। प्रधानाचार्य सुनील यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी का आयोजन करना आवश्यक है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की पढाई का शेड्यूल, दिनचर्या तथा विषय की रूचि के बारे जानकारी मिलती है। इस मौके पर शिक्षक,अभिभावक एवं विद्यार्थी हाजिर थे।

# भाजपा ने कोटिया में मनाया चलो गांव की ओर अभियान



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कोटिया गांव में शनिवार को भाजपा का चलो गांव की ओर अभियान आयोजत किया गया। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों ने मतदान केंद्र 34-35 में जाकर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अभियान में कंवरसैन वशिष्ठ, मोहन सिंह, महावीर प्रसाद,जयसिंह यादव ने ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा क पिछले 9 वर्षों से सरकार जनहित तथा देशहित में कार्य कर रही है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना,14 फसलों पर एमएसपी प्रदान करने, आयुष्मान कार्ड,हरियाणा में चिरायु कार्ड के तहत पात्र व्यक्ति का 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई है। भाजपा ने एनएच ग्रीन कॉरिडोर,राममंदिर,एम्स अस्पताल,मेडिकल कॉलेज की स्थापना की है। इस मौके पर मुकेश मिस्त्री, पिंकी भारद्वाज,दयाराम, सुरेश,महावीर यादव, वीरेंद्र,ज्ञानचंद शर्मा,रतनलाल, उदयभान, पवन कुमार,नीरज,मक्खन,जवाहरलाल हाजिर थे।

# मजदूर यूनियन मागों को लेकर 16 को जिला मुख्यालय में करेगी धरना-प्रदशन

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** भवन निर्माण कामगार युनियन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपप्रधान हरिराम ने की। शिव कुमार व महाबीर सिंह ने बताया की प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार मजदुरों के हितों को अनदेखा कर रही है। बोर्ड के अधिकारियों की मजदूरों साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर कई दौर की बातचीत हुई। जिसमें अधिकारियों द्वारा समाधान करने का आस्वासन दिया गया था। लेकिन उन समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। श्रम विभाग द्वारा जिले में पंजीकरण कैंप नहीं लगाया गया है। जिससे सरकार की मंशा मजदूर विरोधी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि मागों को लेकर आगामी 16 फरवरी को मजदूर यूनियन जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेगी।

# बाल विकास विभाग की ओर से किया गया सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता का आयोजन



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव भोजावास स्थित आंगनवाड़ी में शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गांव भोजावास सर्कल के अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रो से दूध पिलाने वाली माताओं ने हिस्सा लिया। सीडीपीओ सरला यादव के मार्ग दर्शन में आयोजित इस प्र्रतियोगिता में रेणु ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा निशा देवी तृतीय स्थान पर रही। विभाग की सुपरवाजर ज्योति ने बताया कि प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाली माताओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि 0 से 6 माह तक शिशु को केवल माता का दूध पिलाना चाहिए। इससे बच्चे को सर्वोत्तम आहार मिलता है ओर शारिरिक विकास होता है। इस मौके पर एएनएम जयश्री, मुकेश, सरिता, बबीता, ऊषा, सुनीता, सरोज हाजिर थी।

# अवैध शराब, अवैध नशीले पदार्थ, अवैध हथियार व जुआ खेलने के मामलों में एक माह में 71 आरोपी पकड़े

## 5 हजार 3 सौ से अधिक वाहन चालकों के काटे चालान

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** पुलिस ने जनवरी माह में अवैध नशीले पदार्थ, अवैध शराब, अवैध हथियार रखने वाले 71 आरोपियों को किया गिरफ्तार। यातायात नियमों की उल्लंघना करने पर 5 हजार तीन सौ से अधिक वाहनों के काटे चालान। जिला पुलिस ने वर्ष 2024 में जनवरी माह में अपराधियों की धर-पकड़ के लिए काफी मशक्कत करते हुए वारदातों का खुलासा करते हुए जिले में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने जघन्य अपराधों की वारदातों का खुलासा करते हुए उनमें संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदातों को सुलझाया है। अपराधियों की धर-पकड़ के लिए मशक्कत करते हुए साइबर अपराधों के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदातों का खुलासा करते हुए पर्दाफाश किया। पुलिस अधीक्षक ने नितिश अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2024 जनवरी माह में जिले की पुलिस टीमों ने साइबर अपराध के मामलों में वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया और गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस द्वारा सेंधमारी कर चोरी करने, वाहन चोरी करने और अन्य चोरी के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने लड़ाई-झगड़े, धोखाधड़ी, शस्त्र अधिनियम, जुआ अधिनियम, मादक पदार्थ अधिनियम, आबकारी अधिनियम और अन्य मामलों का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**उद्घोषित आरोपी पकड़े:**

उद्घोषित अपराधियों की धर-पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा जनवरी माह में 24 उद्घोषित अपराधियों व बेल जंपरों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें इनाम पीओ भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार 13 आरोपियों को पकडने. के लिए उन पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया है।

**अवैध शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा:**

आबकारी अधिनियम के तहत 21 मामले दर्ज कर 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और अवैध शराब की करीब 1580 बोतल जब्त की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर शांति भंग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



**नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई:**

मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 8 मामले दर्ज कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे चूरा पोस्त, गांजा, स्मैक इत्यादि नशीले पदार्थ बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों से करीब 6 किलो 800 ग्राम नशीले पदार्थ को बरामद कर जब्त किया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा अभियान चलाकर युवाओं, ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक कर नशा ना करने का संदेश दिया जा रहा है और युवाओं को खेलों, शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

**जुआ खेलने वालों को दबोचा:**

जुआ खेलने वालों व सट्टा खाईवाली का अवैध धंधा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 56 हजार तीन सौ रुपए की नकदी बरामद की गई।

**ट्रैफिक पुलिस ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के किए चालान:**

ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2024 में अब तक यातायात के नियमों की उल्लंघना करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 5 हजार तीन सौ से अधिक वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चला वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती करते हुए चालान किए जा रहे हैं।

**अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ की कार्रवाई:**

पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत 3 मामले दर्ज करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 3 अवैध हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धर-पकड़ के लिए जिला पुलिस द्वारा जिलेभर में ऑपरेशन आक्रमण के तहत विशेष सर्च अभियान चलाया गया। जिनमें अवैध शराब और नशीले पदार्थ कर कारोबार करने वालों, अवैध हथियार रखने वालों, जुआ खेलने वालों और मामलों में भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी अपराध से संबंधित कोई सूचना हो तो तुरंत अपने नजदीकी थाना, चौकी या डायल 112 पर संपर्क करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। जिला को अपराध मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें।

# किसानों के दिल्ली कूच आह्वान को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** किसानों के दिल्ली कूच आह्वान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है, कानून व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र में शांति भंग नहीं होने दी जाएगी, पुलिस पूरी तरह से तैयार है। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बनाई गई कंपनियां अलर्ट मोड पर हैं। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। सभी टोल प्लाजा, बाहरी नाकों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव के मौजिज व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करें और शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनका सहयोग लें। साथ ही पुलिस की आमजन से अपील है कि किसी प्रकार की अफवाह ना फैलाएं, सोशल मीडिया पर अफवाहों को नजरअंदाज करें, बहकावे में आकर कानून व शांति व्यवस्था को बाधित ना करें और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। युवा सोशल मीडिया का उपयोग अच्छी सूचनाओं के लिए करें। इसके साथ ही पुलिस ने भारी वाहन चालकों के लिए रूट एडवाइजरी जारी की है। 13 फरवरी से प्रस्तावित किसान संगठनों द्वारा दिल्ली कूच के आह्वान के संबंध में पुलिस ने ट्रक चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। हरियाणा से गुजरते हुए पंजाब, चंडीगढ़ को जाने वाले सभी मार्ग व्यावसायिक वाहनों के लिए आज से बंद रहेंगे। उपरोक्त गंतव्य के लिए किसी अन्य रूट का प्रयोग करें। पुलिस ने इस दौरान लोगों से 13 फरवरी को प्रदेश के मुख्य मार्गों का उपयोग अति आवश्यक स्थिति में ही करने की सलाह दी है। हरियाणा से पंजाब की ओर जाने वाले सभी मुख्य मार्गों पर यातायात के बाधित रहने की संभावना है। अत: आमजन से अपील की गई है कि वे पंजाब की ओर यात्रा अति आवश्यक परिस्थितियों में ही करें। सभी नागरिकों को इन व्यवस्थाओं के बारे में पहले से सूचित किया जा रहा है ताकि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इसका ध्यान रखें।

# बुट कैंप प्रतियोगिता में आरपीएस के विद्यार्थियों का रहा सराहनीय प्रदर्शन

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आईआईटी एवं एम्स दिल्ली द्वारा आयोजित बुट कैंप प्रतियोगिता में आरपीएस के चार विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। छात्र रवीना ने गोल्ड मेडल, छात्र हर्षी ने कांस्य मेडल तथा तनिष्क और हिमांशी ने सर्टिफिकेट प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस विद्यालय बच्चों को उचित मंच प्रदान कर उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान कर रहा है। यही कारण है कि आज आरपीएस के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस मौके पर ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि विद्यालय के बच्चे आईआईटी, नीट, एनडीए, क्लेट सहित अन्य क्षेत्र में लगातार अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ रहे हैं। यह विद्यालय में शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की मेहनत का ही परिणाम है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने प्रतियोगिता के बारे में बताया कि आईआईटी दिल्ली और एम्स दिल्ली द्वारा आयोजित बुट कैंप प्रतियोगिता में पूरे भारत से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पहले दिन का कार्यक्रम आईआईटी दिल्ली में हुआ, जहां छात्र-छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य और अन्य विज्ञान संबंधी गतिविधियों के बारे में ज्ञानार्जन किया और अपने ज्ञान को परखा। इससे प्रतिभागियों को आईआईटी दिल्ली के विभिन्न विभागों में जाने का मौका मिलता है। दूसरे दिन का कार्यक्रम एम्स दिल्ली में था, जहां छात्र शरीर रचना विभाग में शरीर की शारीरिक रचना के बारे में ज्ञानार्जन किया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों को सीनियर डा. के अधीन वास्तविक मृत शरीर की शारीरिक रचना का निरीक्षण करने का भी मौका मिलता है। प्रतिभागियों का चयन ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाता है। जिसमें देश भर के प्रतिभागी भाग लेते हैं। इस प्रतियोगिता में उनके विद्यालय के छात्र रवीना ने गोल्ड मेडल जीता जिसे 5 हजार रुपए का नकद पुरस्कार आरसी छात्र हरसी ने कांस्य मेडल जीता। जिसे 2 हजार रुपए का नकद पुरस्कार तथा छात्र तनिष्क और छात्र हिमांशी को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बलबीर सैनी सभा नांगल चौधरी के प्रधान

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** नांगल चौधरी सैनी सभा भवन में आज समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसहमति से सैनी सभा नांगल चौधरी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें समाज के बलबीर सिंह सैनी को सभा का प्रधान, हरफूल सैनी को उपप्रधान व रामनिवास सैनी को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी में पुष्कर सैनी को एक बार फिर से सचिव पद का दायित्व सौंपा गया। बैठक में मौजूद लोगों ने समाज उत्थान के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा नई कार्यकारिणी के सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक में सचिव पुष्कर सैनी ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी सभी को साथ लेकर कार्य करेगी। इस अवसर पर सैनी समाज के पूर्व प्रधान महेंद्र सैनी बोरिंगवाला, वरिष्ठ भाजपा नेता रामसिंह सैनी, पूर्व पंच चौथ राज सैनी, पूर्व प्रधान पूर्ण चंद सैनी, महावीर सैनी, नगर पार्षद रिंकू सैनी, राकेश मास्टर, कमल सैनी, राजेश सैनी, रतनलाल सैनी, रामप्रसाद सैनी, रामेश्वर जागीरदार, विनोद सैनी सब्जी वाला, राजू सैनी, दलीप सैनी, बंटी एडवोकेट, हरफूल, रामसिंह, बालकिशन, प्यारेलाल, रामनिवास, धारा सिंह, श्रीराम सैनी समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ओपीएस संकल्प महारैली कर्मचारी इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी : सुरेन्द्र यादव

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति की जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला प्रधान सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें 11 फरवरी की जींद रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिला महासचिव अशोक यादव ने कहा कि सभी ब्लॉक से बसों की व्यवस्था की गई है जो कि नारनौल में प्रात: 7:30 बजे पंचायत भवन के सामने से, नांगल चौधरी में 7:15 बजे बीडीओ ऑफिस के सामने से, अटेली में 7:30 बजे पावर हाउस नजदीक पुराना बस स्टैंड से, कनीना में पावर हाउस नजदीक मॉडल संस्कृति स्कूल से सुबह 7:45 बजे तथा महेंद्रगढ़ से पावर हाउस नजदीक राव तुलाराम चौक से सुबह 7:45 बजे से बस चलेंगी। सिहमा व सतनाली से भी साधनों की व्यवस्था की गई है जो सभी बसें 152 ष्ठ से बुचावास टोल प्लाजा से एकत्रित होकर चलेंगी। जिला प्रधान ने कहा कि



यह रैली कर्मचारी इतिहास की सबसे बड़ी रैली होने जा रही है जिसको कर्मचारियों के सभी संगठनों, सभी विभागों व समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। इस रैली में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली का निर्णय सरकार को लेना पड़ेगा अन्यथा कर्मचारी वोट फॉर ओपीएस करने को मजबूर होंगे तथा हर हाल में पुरानी पेंशन बहाल करवाएगा राज्य कार्यकारिणी सदस्य हंसराज ने कहा कि इस रैली के प्रति कर्मचारियों में बहुत जोश है तथा महेंद्रगढ़ जिले से हजारों साथी जींद रैली में जाएंगे तथा जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी जिले के लगभग सभी कर्मचारियों तक पहुची है यदि किसी साथी तक समय अभाव कर कारण नहीं पहुच पाए हो तो भी साथ स्वयं की जिम्मेदारी समझते हुए रैली में जरूर जरूर पहुंचे ओर इसे सफल बनाये। इस अवसर पर डा. योगेश यादव, रमेश सोनी, सुनील जांगड़ा, पंकज जांगड़ा, भवानी संकर, मनोज सोलंकी, सुनील कुमार, उमेश शर्मा, जितेंद्र डांगी, राज सिंह यादव, मनीष कुमार, ग्यारसी लाल, योगेंद्र कुमार व डा. मनोज आदि मौजूद रहे।

# पीएम मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे : कैप्टन अजय यादव



**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन विजय सिंह यादव ने अपने कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को ओबीसी बताते हैं लेकिन मोदी समाज ना पहले ओबीसी था और ना आज है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी, 2002 को गुजरात सरकार द्वारा आरक्षण के लिए जोड़ी गई जातियों के नोटिफिकेशन में कहीं भी मोदी समाज का जिक्र नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं। मोदी ना पहले ओबीसी थे और ना आज हैं। भाजपा बार-बार झूठ फैलाती है। लेकिन मोदी जी जन्म से ओबीसी नहीं हैं, यह सच्चाई है। इस नोटिफिकेशन की तारीख 1 जनवरी, 2002 है, जब गुजरात के मुख्यमंत्री स्वयं नरेंद्र मोदी थे।

**प्रधानमंत्री मोदी न तो पहले ओबीसी थे और न ही आज हैं**

**भगवद्गोमण्डल के हिसाब से भी मोदी समाज पिछड़ी जाति में नहीं**

**नोटिफिकेशन की तारीख 1 जनवरी 2002, जब मोदी स्वयं गुजरात के सीएम रहे**

**गुजरात सरकार द्वारा आरक्षण के लिए जोड़ी गई जातियों के नोटिफिकेशन में मोदी समाज का जिक्र नहीं**

कैप्टन अजय ने कहा नोटिफिकेशन के अनुसार नई जातियां जोड़ी गईं, उनमें घांची मुस्लिम, तेली, मोढ़ घांची, तेली साहू, तेली राठौर थीं। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर 1999 में ये जातियां जोड़ी गईं थीं, तो गुजरात के मुख्यमंत्री ने 1 जनवरी, 2002 को ये नोटिफिकेशन क्यों निकाला। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी, 2002 को जारी किए गए इस नोटिफिकेशन में कहीं भी मोदी समाज का जिक्र नहीं है। भगवद्गोमण्डल (गुजराती एंसाइक्लोपीडिया) के हिसाब से भी मोदी समाज पिछड़ी जाति में नहीं आता है। मोदी ना पहले ओबीसी थे और ना आज हैं। यादव ने तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री के ख्वाब देखने से पहले कभी नहीं कहा कि मैं घांची हूँ या पिछड़ी जाति से आता हूँ।

**मोदी समाज के लोग मोढ़ वणिक**

गुजरात में मोदी के मुख्यमंत्री बनने के बाद मुंबई में मोदी समाज की बैठक में कहा गया कि हमारी सुपर अपर कास्ट मोदी से पहली बार मुख्यमंत्री बना है। इसे लेकर मैगजीन में बाकायदा विज्ञापन दिए गए, जिन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी नहीं नकारा। राहुल गांधी के खिलाफ केस करने वाले पूर्णेश मोदी ने सूरत कोर्ट में दिए दस्तावेज में स्पष्ट कहा था कि मोदी समाज के लोग मोढ़ वणिक (व्यापारी) हैं। वो सुपर अपर कास्ट व्यापारी वर्ग से हैं और अपने ट्रस्ट में घांची, तेली समाज के लोगों को मेंबर भी नहीं बनाते हैं। ये ऑन रिकॉर्ड, कोर्ट के रिकॉर्ड में आया और एक एक्सेप्टेड फैक्ट है। इसलिए मोदी न घांची हैं, न तेली हैं और न ही पिछड़ी जाति से हैं। पीएम मोदी अपनी जाति के नाम पर देश को गुमराह कर रहे हैं।

**मोदी से आरक्षण पर पूछे सवाल**

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि मोदी और आरएसएस के गुरु गोलवलकर एससी-एसटी आरक्षण के खिलाफ थे, क्या मोदी उनसे सहमत हैं या नहीं। 1978 में जब कर्पूरी ठाकुर 26 प्रतिशत का आरक्षण लाए, तब जनसंघ ने उसका विरोध किया था; उस पर मोदी का क्या मत है। 1981 में गुजरात में ओबीसी वर्ग के लिए 21 प्रतिशत आरक्षण आया, तब भी एबीवीपी व भाजपा ने उसका विरोध किया था, क्या मोदी इस पर सहमत हैं।

इस मौके पर उनके साथ पूर्व चेयरमेन कुलदीप कटारिया, ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर लाल सिंह यादव, गुड़गांव उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव, सुमित चकरपुर इत्यादि मौजूद रहे।

# प्रीतम पाल बने केबीजी के दूसरे जीनियस



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आज जीनियस एकेडमी के चर्चित शो कौन बनेगा जीनियस जेबीजी के तीसरे शो का सफल आयोजन किया गया। जो जीनियस एकेडमी यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया गया। जिसमें हॉट शीट के लिए 5 प्रतिभागियों को चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मेजबानी एकेडमी निदेशक अमित यादव ने की। सर्वप्रथम माता सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। श्री अमित यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवाओं को जो कि विभिन्न प्रकार की नौकरियों के लिए तैयारी कर रहे है उनके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगी। जिसमें खेल-खेल में ज्ञान की भी वृद्धि होगी और बेरोजगार युवाओं को कुछ धनराशि भी मिलेगी। जो उनके पढ़ाई से संबंधित कार्य के लिए काम आऐगी। आज के शो में दिव्या भगड़ाना ने 7000 रुपये, नीरज जांजडिय़ावास ने 2000 रुपये, पूजा मोहलड़ा ने 7000 रुपये और प्रीतम पुत्र रोहताश गांव पाल ने 11000 रुपये की धनराशि जीती। जिसमें उन्होंने एकेडमी शो के 11 प्रश्नों का सही जवाब देकर यह उपलब्धि हासिल की। एकेडमी निदेशक अमित यादव व चेयरपर्सन सोनिका यादव ने प्रीतम पाल को 11000 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया और बचे हुए प्रतिभागियों को भी एकेडमी की तरफ से इनाम के रूप में धनराशि के अलावा एकेडमी किट भेंट की। इस अवसर एकेडमी निदेशक ने बताया कि इस शो में कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकता है। जिसकी उम्र 17 से 30 वर्ष के बीच में हो और वह कोई भी सरकारी पद पर ना हो। इस अवसर पर एकेडमी निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें इसी प्रकार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करते रहना चाहिए। सभी दर्शकों को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा की सभी अपनी तैयारी रखें और अगले शो के लिए अपनी दावेदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने भी सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। और विजेता प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर दिलेर सिंह, देवेन्द्र, नरेंन्द्र, योगेश, ललित, अजय, ओमबीर, सुधीर, सुरेन्द्र और सोनू यादव सहित सभी स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कांग्रेस का रोजगार दो, न्याय दो अभियान आज से शुरू: रावत



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** युवा कांग्रेस के जिला प्रधान राजेश रावत ने कहा कि लोकसभा और उनके बाद हरियाणा विधानसभा चुनावों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। जिसके तहत कांग्रेस पार्टी की युवा विंग घर-घर जाकर रोजगार दो, न्याय दो अभियान के माध्यम से मतदाताओं को अपनी पार्टी से जोड़ने का अभियान शुरू किया है। वे आज स्थानीय रेवाड़ी मार्ग स्थित अपार होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जिला प्रधान श्री रावत ने कहा कि इस अभियान के तहत एक ऐप के माध्यम से पार्टी के युवा नेता हर विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों व युवाओं से मुलाकात करेंगे। श्री रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि रोजगार दो, न्याय दो अभियान के तहत पार्टी के लोग जनता से मुलाकात कर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। इसकी शुरुआत महेंद्रगढ़ जिले में आज से की गई है, जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में कल से शुरू कर दी थी। कांग्रेस नेता श्री राव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की युवा विंग द्वारा इस अभियान के चलते जिले की चारों विधानसभाओं में लोगों से घर-घर जाकर रूबरू होंगे। ऐप के माध्यम से उनका नाम व मोबाइल नंबर अंकित कर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि निकट भविष्य में दीपेंद्र हुड्डा का एक कार्यक्रम जिला महेंद्रगढ़ में आयोजित करवाया जाएगा। जिसमें बाइक रैली व मशाल रैली होगी। इस अवसर पर संजय पटीकरा, युवा कांग्रेस का ब्लाक अध्यक्ष रवीन्द्र मांदी, प्रदेश सचिव, एडवोकेट शीश राम, प्रदेश सचिव बबलू यादव आदि युवा उपस्थित थे।

# नूँह विधानसभा के गाँव बुराका में एक ही परिवार के दर्जन से अधिक लोगों की जहरीला पदार्थ खाने से हालत गंभीर



सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

**नूंह।** बीते शुक्रवार देर रात को नूँह विधानसभा के गाँव बुराका़ में जहरीला पदार्थ खाने से एक ही परिवार के एक दर्जन से अधिक लोगों की तबीयत खराब हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल थे, उन्हें देर रात मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में दाखिल कराया गया। इस मामले की खबर जैसे ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक को मिली उन्होंने तुरंत जिला उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा व शहीद हसन खाँ मेवाती मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉश मुकेश कुमार से फोन पर बात करके जल्द सबका ईलाज व देखभाल करने के लिए कहा। चौधरी ज़ाकिर हुसैन की खुद की पिछले कई दिन से मोतीजीरा होने की वजह की तबीयत नासाज चल रही है, इस वजह से उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नसीमा हुसैन एडवोकेट ने तुरंत मेडिकल कॉलेज,नल्हड़ जाकर सभी मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा डॉक्टरों से उनका अच्छे से ईलाज व देखभाल करने की अपील की। खबर लिखे जाने तक सभी की हालत खतरे से बाहर है सभी उपचाराधीन हैं।

# प्रजापति कुम्हार महाकुंभ 25 फरवरी को गोहाना में होगा आयोजित



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** प्रजापति कुम्हार सभा रेवाड़ी के प्रधान रोशन लाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में प्रजापति समाज गोहाना से पंचायती नोता देने के लिए शिव कुमार रंगीला व सुनील कुमार अपने साथी सहित रेवाड़ी प्रजापति समाज के लोगो के पास आए। उन्होंने बताया कि 25 फरवरी 2024 को प्रात: 10:00 बजे ताऊ देवीलाल स्टेडियम गोहाना में प्रजापति कुम्हार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें समाज की राजनीति से लेकर शैक्षणिक, आर्थिक व सामाजिक कार्यों पर चर्चा की जाएगी। पूरे हरियाणा में यह पहला प्रजापति समाज का महाकुंभ होगा। इस महा कुंभ में हरियाणा प्रदेश से प्रजापति समाज के लोग इकट्ठे होंगे। इस बैठक में रोशन लाल, वीर सिंह प्रधान, कृष्ण कुमार व राम थानेदार ने अपने संबोधन में बताया कि इस प्रजापति समाज महाकुंभ की तैयारी रेवाड़ी में भी शुरू कर दी गई है। रेवाड़ी क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में प्रजापति कुम्हार महाकुंभ में लोगों की उपस्थिति होगी और अपने हितों की आवाज उठाई जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से 360 के चौधरी दौलत राम, संजय प्रधान, कृष्ण मालवाल, हरिकिशन, काकी ठेकेदार, कृष्ण, मुरारी बाबा, रामकुमार मास्टर, महेंद्र, दिलीप ठेकेदार, रमेश खजांची, धर्मवीर, दया, मेहर, राजेश कुमार, जगदीश, ओम प्रकाश मैनेजर साहब, पवन कुमार व समाज के बहुत से गणमान्य लोग उपसथित रहे।

# गुर्जर समाज ने मनाई राजेश पायलेट चौक की जयंती

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता स्व. राजेश पायलट की जयंती पर शनिवार को उनकी प्रतिमा पर गुर्जर समाज के लोगों ने समाज के प्रधान चरण सिंह खटाना की अगुवाई में श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजेश पायलट समृति संस्थान के उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्र सिराधना ने किसान हित में दिए पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट के योगदान का जिक्र किया। कार्यक्रम में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के गणमान्य लोगों ने दिवंगत नेता का भावपूर्ण स्मरण किया व उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की व उनके द्वारा ग़रीब, किसान, वंचितों व शोषितों की आवाज़ बुलंद कर जनता की सेवा की व वायुसेना के माध्यम से देश के प्रति उन्होंने अपना निष्ठावान कर्त्तव्य निभाया और समाज में व देशवासियों के लिए एक प्रेरणा देने का काम किया कि किस तरह से जन सेवा की जाती है। इस अवसर पर अशोक पहलवान, राजेश सरपंच, छत्तरपाल चेयरमैन, कृष्ण तोंगड, लखी सरपंच, अनिल छावड़ी सरपंच, लखमी सरपंच, अर्जुन पोसवाल, राम स्वरूप, रज्जु सिराधना, हिमांशु सिरधना एडवोकेट, प्रकाश रावत इब्राहिमपुर, जौहरी सिंह चोकन, दिलीप छावडी, महेश एडवोकेट, रवींद्र एडवोकेट आदि मोजूद रहे।

# 9 साल बाद शिलान्यास तो निर्माण कब? : विधायक चिरंजीव राव

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि एम्स के लिए भाजपा नेताओं में श्रेय लेने के लिए होड इस तरह लगी हुई है मानो की एम्स बनकर तैयार हो चुका है और ओपीडी व कक्षाएं भी शुरू हो चुकी हों। लेकिन भाजपा नेता अपनी नींद से जागे तो पता चलेगा कि 2015 में मुख्यमंत्री द्वारा की गई एम्स की घोषणा के 9 साल बाद आगामी 16 फरवरी को एम्स का केवल शिलान्यास होगा। विधायक चिरंजीव राव ने दावा किया कि यदि 2 महीने बाद लोकसभा चुनाव नहीं होते तो एम्स का शिलान्यास भी नहीं होता इतना तो इलाके की जनता को भी पता है। क्योंकि ठीक 5 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र रैली से एम्स बनवाने की हामी भरी थी फिर ऐसी क्या खिचड़ी पकी के 5 साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एम्स की याद ही नहीं आई। विधायक चिरंजीव राव ने कहा एम्स का शिलान्यास केवल और केवल लोकसभा चुनाव में वोट हथियाने का जरिया है। थोड़े दिन में आचार संहिता लग जाएगी। क्क्रू 16 फरवरी को रेवाड़ी में एम्स की केवल औपचारिकता के लिए आ रहे हैं। विधायक चिरंजीव राव ने आगे कहा कि एम्स संघर्ष समिति और इलाके की जनता ने जो संघर्ष किया है उनको श्रेय देने के लिए भाजपा नेताओं की बोलती बंद हो जाती है। इलाके की जनता ने सर्दी, गर्मी, बरसात लगातार झेली है तब जाकर इलाके का एम्स का सपना पूरा होने जा रहा है। विधायक चिरंजीव राव ने बताया कि उन्होंने विधायक बनते ही विधानसभा में लगातार एम्स का मुद्दा उठाया है। विधानसभा में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव और प्रश्न भी लगाए हैं। एम्स का श्रेय भाजपा को नहीं इलाके की जनता को जाता है। विधायक चिरंजीव राव ने कहा एम्स बनवाने की मंशा तो यही उजागर हो रही है जब भाजपा ने अंतरिम बजट 2024-25 में 16 नए एम्स स्थापित करने के लिए 6800 करोड रुपए आवंटित किया गया है। एक एम्स के हिस्से में 425 करोड रुपए आएंगे। इस तरह से हमारे एम्स बनने में कई वर्ष लग जायेंगे।

# नई शिक्षा नीति में बच्चे के सर्वांगीण विकास पर किया गया है फोकस : ओमप्रकाश यादव

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में की शिरकत**

**कहा- अभिभावकों को बच्चों पर पढ़ाई के लिए नहीं बनाना चाहिए दबाव**



सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि विद्यालय सर्वांगीण विकास की भूमि हैं। अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाते हैं जहां शिक्षक अपने ज्ञान और क्षमता के आधार उनमें ज्ञान का संचार कर उन्हें प्रतिभाशाली बनाते हैं। नई शिक्षा नीति में बच्चे के सर्वांगीण विकास पर फोकस किया गया है, जिससे वह भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव शनिवार को एक निजी विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य नए-नए प्रयोग कर शिक्षा को रुचिकर एवं आकर्षक बनाकर बच्चों को शिक्षा का बेहतर माहौल देना है, जिससे बच्चे आसानी से खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि वर्षों में एक ही तरीके से पढ़ाई होती रही है। सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई। सरकार की यह कोशिश है कि बच्चे छोटी उम्र में खेलते-खेलते सीखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा में बदलाव करना जरूरी है।

ओमप्रकाश यादव ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को रुचि के हिसाब से पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ाना चाहिए। अभिभावकों को बच्चों पर पढ़ाई के लिए दबाव नहीं बनाना चाहिए बल्कि उन्हें अपनी रूचि अनुसार विषयों का चयन स्वयं करने देना चाहिए ताकि उन्हें पढ़ाई बोझ न लगे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई करना जरूरी है, लेकिन पढ़ाई के लिए बच्चों पर हर वक्त दबाव डालना उन्हें अवसाद की ओर धकेल सकता है। बच्चों की पढ़ाई के लिए एक अच्छा माहौल प्रदान करना व उनको जीवन में असफलता का मतलब सिखाना, माता-पिता की अहम जिम्मेदारी है। बच्चों को पढ़ाई में 'बेस्ट' बनाने में हम इतना खो गए, कि उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर कितना 'रेस्ट' चाहिए यह भी भूल गए हैं, जिस बारे माता-पिता सहित गुरु और शिक्षकों को भी गहन चिंतन करना चाहिए।

# पलवल में डीडीपीओ उपमा अरोड़ा ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ





सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** सांसद खेल महोत्सव के तहत शनिवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में वॉलीबॉल स्मेसिंग व शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय किया और उनको हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अनिल सैनी, बालीबाल टीम में कोच भूषण, ललित, सुनील कुमार, सुरेंद्र, पवन, सन्नी, राहुल मावी, काजल व सुरेंद्र मौजूद रहे। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने कहा कि इस सांसद खेल प्रतियोगिता में 16 खेलों का आयोजन किया गया है जिसमें से वॉलीबॉल स्मोकिंग व शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पलवल और बाकी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सेक्टर 12 फरीदाबाद के स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में विजेता टीमो को सांसद श्री कृष्ण पाल गुर्जर जी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा । उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि खेल बच्चों के लिए आवश्यक है, इससे उनकी छुपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आती है। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार सैनी ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दौरान इसमें वॉलीबाल स्मेसिंग की 38 टीमें व शूटिंग की 11 टीमें इस तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव में हिस्सा ले रही है। खिलाड़ी कर्मवीर ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव से खिलाड़ियों को आगे बढने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताऐं के माध्यम से खिलाड़ियों की प्रतिभा निकलकर सामने आती है।

# राव की अग्नि परीक्षा: पीएम रैली में भीड़ जुटाने का दारोमदार, विरोधी खेमा नजर नहीं आ रहा एक्टिव

**2013 का इतिहास दोहराने के लिए मैदान में उतरेगी टीम**

**कल समर्थक राव के जन्मदिन का केक काटेंगे, और पीएम की रैली रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे**

**रविवार को सीएम के साथ एम्स की साइट का निरीक्षण भी कर सकते हैं**

**दीपेंद्र हुड्डा ने संसद में उठाई मांग, कहा- रेवाड़ी एम्स का बढ़े बजट आवंटन; जितने मिल रहे उतने पर्याप्त नहीं**



सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

**नारनौल।** राव तुलाराम की धरा जहां 13 सितंबर 2013 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने के ठीक 2 दिन बाद 15 सितंबर को नरेंद्र मोदी ने रेवाड़ी में ही सैनिकों की रैली को संबोधित कर अपने प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया था, क्या 16 फरवरी को पुन: इतिहास दोहराएगी? यह यक्ष प्रश्न एक बार फिर से 'रामपुरा हाउस' की 'शाख' के समक्ष है। क्या रेवाड़ी की रैली ही दोबारा मोदी को सिंहासन की ओर ले जाएगी? जबकि 'राव राजा' का रुतबा व ठसक 'रामपुरा हाउस' की न होकर मोदी समर्पण तक पहुंच गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एम्स शिलान्यास का कार्यक्रम माजरा में ही निश्चित होने से जहां केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की टीम भीड़ के लिहाज से 2013 का इतिहास दोहराने के लिए मैदान में उतर चुकी है, वहीं राव विरोधी खेमे का उत्साह अभी तक गायब नजर आ रहा है। चुनाव आते ही विरोधी के में द्वारा उनके खिलाफ तरह की बातें प्रचलित की जाती है। इस रैली की भीड़ ही लोकप्रियता बढ़ाएगी या घटेगी यह तय करेंगी।

शिलान्यास कार्यक्रम भारी भीड़ जुटाकर समर्थक केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की दक्षिणी हरियाणा में पकड़ की झलक एक बार फिर पीएम को दिखाने के लिए तैयार हैं। कम समय होने के बावजूद गुरुग्राम से लेकर नारनौल तक कार्यकर्ताओं की टीम ने भीड़ जुटाने के लिए एक्सरसाइज शुरू कर दी है। 11 फरवरी को राव इंद्रजीत सिंह का जन्मदिन है, इस दिन वह रेवाड़ी में होंगे । जहां वह एम्स प्रोजेक्ट को रैली की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे, साथ ही मुख्यमंत्री के साथ एम्स की साइट का निरीक्षण भी कर सकते हैं।

**कार्यक्रम स्थल को लेकर पहले बनी हुई थी असमंजस की स्थिति**

पीएम के कार्यक्रम के स्थान को लेकर पहले असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। पहले शिलान्यास गुरुग्राम या किसी अन्य स्थान से कराने पर विचार चल रहा था, ताकि एम्स का क्रेडिट किसी नेता विशेष को नहीं मिल सके। अगर कार्यक्रम माजरा की जगह किसी अन्य स्थान पर होता, तो राव समर्थकों को झटका लग सकता था। माजरा में कार्यक्रम फाइनल होने के साथ ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का उत्साह भी सातवें आसमान पर है। राव के उत्साह ने उनकी बेटी आरती राव के साथ समर्थकों में भी उत्साह बढ़ा दिया है। आरती राव ने गुरुग्राम से पीएम के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए तैयारी शुरू की है, तो राव के दूसरे समर्थक अपने-अपने क्षेत्रों से भीड़ जुटाने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं।

**2013 में चुनावी अभियान का मोदी ने किया था शुभारंभ**

राव इंद्रजीत से चर्चा के बाद समर्थकों ने अपने-अपने तरीके से अधिक से अधिक लोगों को पीएम की रैली में पहुंचाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। इससे पूर्व, पीएम पद का उम्मीदवार घोषित होने के बाद नरेंद्र मोदी ने 2013 में रेवाड़ी के हुडा मैदान में पूर्व सैनिकों की रैली से चुनाव अभियान की शुरूआत की थी। राव इंद्रजीत सिंह के संयोजन में आयोजित इस रैली में भीड़ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। देश में भाजपा की सरकार बनने की नींव रेवाड़ी रैली से ही पड़ी थी। करीब एक दशक बाद पीएम मोदी एक बार फिर रेवाड़ी से ही चुनावी शंखनाद करने का जा रहे हैं। अगर इस रैली में एक बार फिर रिकॉर्ड भीड़ एकत्रित होती है, तो इससे निश्चित रूप से पीएम की नजर में राव का प्रभाव काफी बढ़ जाएगा।

**राव विरोधी खेमे ने नहीं दिखाई सक्रियता**

पीएम का कार्यक्रम फाइनल होने के साथ ही एक ओर जहां राव समर्थकों ने कम समय में अधिक भीड़ जुटाने की रणनीति पर एक्सरसाइज शुरू कर दी है, तो दूसरी ओर अभी तक उनके विरोधी खेमे की ओर से पीएम के कार्यक्रम को लेकर कोई हलचल शुरू नहीं की गई हैं। उन्हें इस बात का पूरा भरोसा है कि राव की टीम अकेले अपने दम पर भारी भीड़ जुटाने का माद्दा रखती है। ऐसे में फिलहाल राव विरोधी खेमा साइलेंट मोड पर नजर आ रहा है।

**कल तय होगी रैली की असली रूपरेखा**

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह इस बार अपना जन्मदिन रेवाड़ी में ही मनाने जा रहे हैं। 11 फरवरी को उनके निवास पर होने वाले जन्मदिन कार्यक्रम में एक ओर जहां समर्थक राव के जन्मदिन का केक काटेंगे, तो दूसरी ओर पीएम की रैली को लेकर भी असली रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे। राव की ओर से पीएम का कार्यक्रम फाइनल होने के साथ ही समर्थकों को भीड़ जुटाने की तैयारी के संकेत दे दिए गए थे।

**750 बेड का अस्पताल होगा**

रेवाड़ी के गांव माजरा में 210 एकड़ जमीन पर बनने वाले एम्स को लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा है कि इस पर केंद्र सरकार 1300 करोड़ रुपए खर्च करेगी। माजरा एम्स 750 बिस्तरों का अस्पताल होगा। जिसमें मेडिकल कॉलेज नर्सिंग कॉलेज सहित आईसीयू स्पेशलिस्ट, सुपर स्पेशलिस्ट सहित करीब 1500 व्यक्तियों को प्रतिदिन ओपीडी देखने की सुविधा होगी।

इसके अलावा प्राइवेट वार्ड, ट्रामा बेड, आयुष बेड की सुविधा भी कैंपस में मिलेगी। कैंपस में नाइट सेंटर गेस्ट हाउस, 1000 सीटों का ऑडिटोरियम हॉस्टल में रेजिडेंशियल सुविधा भी बनाई जाएगी। एम्स में स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ोतरी के साथ मेडिकल एजुकेशन, नर्सिंग और स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा।

उनका कहना है कि झज्जर जिले के बाढ़सा में एम्स का नेशनल कैंसर इंसटिट्यूट बनाया गया है जो पूरे देश के कैंसर रोगियों के इलाज के लिए लाभप्रद होगा। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया कि बाढ़सा नेशनल कैंसर इंसटिट्यूट के रूप में कार्य करेगा जो की पूरी तरह एम्स दिल्ली की ओर से संचालित होगा। दिल्ली सहित देश भर के कैंसर रोगियों के लिए यह सेंट्र लाभप्रद होगा। वह कैंसर अनुसंधान से संबंधित कार्य भी यही होंगे।

उधर सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने आज राज्य सभा के शून्य काल में एम्स परियोजना के लिये हरियाणा में प्रस्तावित रेवाड़ी एम्स के लिये अंतरिम बजट में अपर्याप्त बजट आवंटन का मुद्दा उठाते हुए इसे बढ़ाने की मांग की। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि 2015 में इसकी घोषणा की गई थी, लेकिन 9 साल की देरी के बाद इस वर्ष इसके लिए बजट आवंटित किया गया है।

**रेवाड़ी एम्स बनने में लग जाएंगे 12 साल**

उन्होंने कहा कि जितना बजट इस वर्ष रेवाड़ी एम्स को दिया है उस हिसाब से रेवाड़ी एम्स की इमारत बनने में ही करीब 12 साल लग जाएंगे, जो कि लंबा समय है इसलिये बजट आवंटन बढ़ाया जाए। ऐसा न हो कि बाकी परियोजनाओं की तरह ही इसका भी कोई काम आगे न बढ़े। इसके अलावा, उन्होंने बाढ़सा एम्स के मंजूरशुदा 10 संस्थान, हरियाणा में मेट्रो विस्तार, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, गुरुग्राम की मंजूरशुदा इंडियन डिफेंस यूनिवर्सिटी आदि परियोजनाओं के लिये भी बजट आवंटन करने की मांग की।

**साल 2015 में रेवाड़ी AIIMS बनाने की हुई थी घोषणा**

उन्होंने कहा कि देश भर में 22 नये एम्स स्थापित होने हैं। वर्ष 2015 में एम्स रेवाड़ी की भी घोषणा हुई थी, लेकिन कागजों से बाहर आने में ही इसको 9 साल लग गया। 22 नये एम्स के लिए वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 6800 करोड़ रुपया आवंटित किया गया है जो अपर्याप्त है। इस हिसाब से एक एम्स के हिस्से में करीब 300 करोड़ रुपये ही आएंगे। जो पहले ही करीब एक दशक की देरी झेल चुके एम्स रेवाड़ी के लिए नाकाफ़ी है। उन्होंने यह भी बताया कि कैग ने अपनी रिपोर्ट में एक एम्स की लागत तयशुदा लागत से करीब 3000 करोड़ रुपये अधिक होना बताया है।

# राव इंद्रजीत 12 को नारनौल में

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

**नारनौल।** आगामी 12 फरवरी को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नारनौल के सैनिक विश्रामगृह में पहुंचकर क्षेत्रवासियों को एम्स के आधारशिला का निमंत्रण देने आएंगे। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने जारी एक बयान में दी। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने बताया कि रेवाड़ी जिले के माजरा में बनने वाले एम्स का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को प्रात:: 11 बजे आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा के लिए एम्स एक बहुत बड़ा तोहफा है, जिसका फायदा अकेल रेवाड़ी को ही नहीं साथ लगते जिला महेंद्रगढ़, गुरुग्राम के साथ-साथ पड़ोसी प्रदेश राजस्थान के लोगों को भी बहुत बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी प्रात: 11 बजे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नारनौल के सैनिक विश्रामगृह आएंगे। इस दौरान वह लोगों को एम्स आधारशिला का निमंत्रण देने के साथ ही उनसे रूबरू होंगे और उनकी समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही निपटारा भी करेंगे।

# मंत्री रणजीत चौटाला आज सतनाली में

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

**नारनौल।** हरियाणा विद्युत मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला 11 फरवरी को मोंटेसरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सतनाली में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 11 फरवरी को सुबह 11.30 बजे मोंटेसरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सतनाली में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके अलावा 12 फरवरी को पंचायत भवन नारनौल में सुबह 11 बजे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे।

# जजपा का सम्मेलन आज नांगल चौधरी में

सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी हलका नांगल चौधरी का कार्यकर्ता सम्मेलन 11 फरवरी को दोपहर एक बजे जाट धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा होंगे, जबकि अध्यक्षता हलका प्रधान विरेंद्र बनिहाड़ी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर हलका की नवगठित कार्यकारिणी का सम्मान किया जाएगा तथा संगठन को प्रभावी एवं सुचारू रूप से चलाने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने इस सम्मेलन में पार्टी के हलका नांगल चौधरी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील करते हुए बताया कि आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव होने है। इसी के मद्देनजर संगठन को सक्रिय एवं मजबूत करने के लिए यह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता हर घर झंडा की नीति पर चलें और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें।

# संयुक्त किसान मोर्चा 16 फरवरी के भारत बंद में लेगा हिस्सा



**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्रीय ट्रेड यूनियंस एवं कर्मचारी संघों के आह्वान पर होने वाली 16 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल व भारत बंद में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को बैठक कर विचार किया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के नेता सोहनपाल चौहान ने की। मोर्चा के नेता मास्टर महेंद्र सिंह चौहान ने जाट धर्मशाला में हुई मोर्चा की बैठक में कहा कि मोर्चा के किसान हड़ताल व भारत बंद में हिस्सा लेंगे। बैठक का संचालन धर्मचंद घुघेरा ने किया। बैठक में मोर्चा के नेताओं ने कहा कि किसनों की मुख्य मांगे जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, किसान मजदूर की कर्ज मुक्ति, बिजली संशोधन विधायक की वापसी व किसानों पर बनाए गए मुकदमों की वापसी आदि मांगे लंबे समय से लंबित है। केंद्र सरकार ने 9 दिसंबर 2021 को किसान आंदोलन की समाप्ति पर उपरोक्त मांगों को लागू करने का आश्वासन दिया था। लेकिन दो साल से अधिक समय बीत जाने के बाद आज तक यह मांगे लागू नहीं की गई। जिसके चलते 16 फरवरी को पूरे हिंदुस्तान के किसान मजदूर और कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर हड़ताल को कामयाब करेंगे। किसान नेताओं ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्रियों और कृषि वैज्ञानिक को दिए गए भारत रत्न का स्वागत करते हुए मांग की किसानों के मसीहा चौधरी छोटू राम और चौधरी देवीलाल को भी भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। भारत रत्न देने के साथ-साथ उनके जो सिद्धांत और किसनों और मजदूरों की खुशहाली के जो सपने थे उन पर भी अमल करते हुए किसान मजदूर के पक्ष की नीति बननी चाहिए। बैठक को मुख्य रुप से उदय सिंह सरपंच, रूपराम तेवतिया, बीधूसिंह, ताराचंद प्रधान, डॉक्टर रघुवीर सिंह, नरेंद्र सिंह सहरावत, हुकम सिंह चौहान, लाल डॉयरेक्टर, राजपाल नंबरदार, ओम प्रकाश, गजराज सिंह सरपंच, प्रहलाद सिंह, प्रेमचंद तेवतिया, महेश रावत, धर्मेंद्र तेवतिया, रणधीर सिंह चौहान व राजेश कुमार शामिल थे।

# ग्रीनवेल पब्लिक स्कूल का 27वां वार्षिक उत्सव धरोहर बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया




**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** गांव चांदहट स्थित ग्रीन वेल पबलिक स्कूल का 27 वां वार्षिक उत्सव धरोहर बड़े ही धूम धाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे- मुन्ने कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूली बच्चों ने द्वारा ऋतुचक्र के माध्यम से भारत के सभी राज्यों के पारंपरिक लोक गीतों की प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप के सुपुत्र और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र प्रताप, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल रहे। स्कूल मैनेजमेंट की ओर से फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार विजय प्रताप, डीईओ अशोक बघेक का फूल मालाओं के साथ गुलतस्ता भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता विजय प्रताप ने धरोहर कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विजेता कलाकारों और स्कूल की प्रतिभाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। धरोहर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विजय प्रताप ने कहा कि ग्रीन वेल स्कूल ने इलाके के प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। स्कूल के स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर देश- विदेश तक नाम कमाया है आगे भी यहां के स्टूडेंट्स मन लगाकर पढ़ाई करें और निरन्तर आगे बढ़ते रहें और स्कूल व अपने माता- पिता का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल और स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। डीईओ अशोक ने कहा कि यह स्कूल ग्रामीण आँचल की प्रतिभाओं निखारने का काम कर रहा है। यहां के स्टूडेंट्स शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या राजेश चौधरी ने आए हुए अतिथियों का अभिवादन किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन बिजेंद्र चांट, स्कूल के निदेशक नरेश जाखड़, राजवीर जाखड़, विनोद जाखड़, मनोज जाखड़ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पलवल साईबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग में पैसे लगाकर मुनाफे का झांसा देकर 54 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपियों पर कसा शिकंजा



**सिटी 24 न्यूज/हेमलता**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉ. अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में साइबर क्राइम थाना पलवल पुलिस ने ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग में पैसे लगाकर मुनाफे का झांसा देकर 54 लाख की साइबर ठगी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार के अनुसार खैलकलां मोहल्ला निवासी अंकित ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसने जीवन साथी डॉट कॉम वैवाहिक साइट पर शादी के लिए अपना प्रोफाइल डाला हुआ है। 10 नवंबर 2023 को उसके पास साइट से रिधि शर्मा नाम की एक लड़की ने रिक्वेस्ट प्राप्त हुई। उसने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली। इसके बाद दोनों वैवाहिक चैट पर अपने संपर्क विवरण का आदान-प्रदान करने लगे। दोनों की व्हाट्सएप पर चैट होने लगी। रिधि शर्मा ने ड्यून कॉइन वीआईपी वेबसाइट पर ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग कर लाभ उठाने का सुझाव दिया। रिधि शर्मा ने दो लोगों का नंबर देकर उनसे संपर्क कराया। उन्होंने उसे ट्रेडिंग करने का तरीका समझाया और विभिन्न खातों में रुपये डालने के लिए कहा। मुनाफा कमाने के चक्कर में वह उक्त लोगों के झांसे में आ गया। उसने अपने खाते से साइबर ठगों द्वारा बताए विभिन्न खातों में करीब 55 लाख रुपये डाल दिए। बीती तीन जनवरी को उसके खाते में साइट की तरफ से एक लाख रुपये डाले गए। 16 जनवरी को ड्यून कॉइन वीआईपी वेबसाइट पर खुला उसका खाता बंद हो गया। उसने जब पड़ताल की तो उसे पता लगा कि उसके साथ धोखाधडी हुई है जिसके बाद अपनी शिकायत पुलिस को दी। साईबर क्राईम थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। उप निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने संबंधित बैंक रिकॉर्ड एवं साइबर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 30 जनवरी 2024 को वारदात में सँलिप्त जिला शाहजहांपुर यूपी निवासी आरोपी युवक को वारदात में प्रयुक्त तीन मोबाइल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता हासिल की। जांच इकाई ने संबंधित बैंक रिकॉर्ड एवं साइबर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 6 फरवरी 2024 को वारदात में सँलिप्त जिला झुंझुनू, राजस्थान एवं जिला चुरु राजस्थान निवासी दो अलग-अलग आरोपी युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जांच इकाई ने झुंझुनू राजस्थान निवासी आरोपी से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल,बैंक पासबुक, चेक बुक एवं एटीएम कार्ड बरामद किया वहीं जांच इकाई ने चुरु राजस्थान निवासी आरोपी से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल बरामद किए। दोनों आरोपियों को पेश अदालत कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर झुंझुनू राजस्थान निवासी आरोपी से ठगी गई रुपयो में से 30000 बरामद किए। आरोपीयों को आज रिमांड अवधी उपरांत पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वारदात में शामिल अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# सरपंचों व सेवानिवृत अधिकारियों की एसपी नूंह ने ली बैठक



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुलिस अधीक्षक नूंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में वेद प्रकाश जिला खेल अधिकारी, सरपंचों व जिले के सेवानिवृत अधिकारियों - कर्मचारियों की बैठक ली।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक नूंह नरेंद्र बिजारणिया ने खेल अधिकारी, सरपंचों व सेवानिवृत अधिकारियों - कर्मचारियों को बताया कि हरियाणा सरकार की पहल पर खेल विभाग द्वारा खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल किट दी जा रही हैं। उसके लिए डीएसओ नूंह से एक फॉर्म लेकर इस महीने के अंत तक आवेदन करना पड़ेगा और तत्पश्चात खेल विभाग उन राजीव गांधी खेल परिसरों में खेल का सामान उपलब्ध कराएगा, जहां पर खेल गतिविधियां जारी हैं। आपको बता दें कि जिले में जिन खेल स्टेडियमों को पिछले करीब एक दशक से भी अधिक समय से खेल विभाग चला नहीं पा रहा था उनको अब नूंह पुलिस ने दौड़ा दिया है। अब उन खेल स्टेडियमों में सैकड़ों की तादाद में खिलाड़ी अभ्यास करते हुए नजर आते हैं ।

पुलिस कप्तान ने राजीव गांधी खेल परिसर पिनगवां में बेहतर खेल गतिविधि होने के चलते बैठक में जमकर प्रशंसा की और कहा कि खेल के मैदानों में जो भी कमियां हैं उन्हें संबंधित एसडीएम व डीसी साहब के माध्यम से पूरा किया जाएगा व जिला नूंह में चल रही एसपीओ की भर्ती में स्पोर्टसमैन को भर्ती में वरीयता दी जाएगी । स्पोर्टस कोटे से भर्ती एसपीओ को सप्ताह में दो दिन आराम दिया जाएगा तथा यह भी कहा कि खेल और खिलाड़ियों के बीच में जो भी बाधा बनेगा उससे सख्ती से निपटा जाएगा। नूंह पुलिस विभाग की मेहनत अब पूरी तरह से रंग लाती हुई दिखाई दे रही है और जिले के खिलाड़ियों और खेल-प्रेमियों के लिए यह खबर बेहद राहत देने वाली है । दिन-प्रतिदिन खेल स्टेडियमों की हालत सुधर रही है और अब रही सही कसर खेल का सामान मिलने के बाद पूरी हो जाएगी।

खेल का सामान मिलने के बाद स्टेडियम में खिलाड़ियों की संख्या में तेजी से इजाफा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। सेवानिवृत अधिकारियों व सरपंचों ने भी पुलिस कप्तान नूंह व हरियाणा सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब अब हमारे बच्चे खेल कूदों में भाग ले रहे हैं तथा नशे व गलत संगत में पड़ने से बच रहे हैं और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब स्टेडियम में खिलाड़ियों की भरमार होगी और नूंह जिले के खिलाड़ी भी मेडल लेकर इलाके में देश तथा प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# गांव चलो अभियान से भारतीय जनता पार्टी बूथ पर होगी मजबूत : चौधरी जाहिद हुसैन



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** गांव चलो अभियान को लेकर नूंह जिले के सभी बुथों पर प्रवासी कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर बुथ समिति पन्ना प्रमुख का सत्यापन किया।

बुथ पर रहने वाले सभी प्रभावशाली व्यक्तियों , युवाओं व महिलाओं सामाजिक लाभार्थी व प्रभावी मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी की नीति रीति व कार्य से अवगत कराया और लोगों की राय जानी इसी अभियान के तहत आज चौधरी जाहिद हुसैन को बूथ नंबर 175 गांव दिहाना में सैकड़ो लोगों को भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। गांव के पूर्व सरपंच नियाज मोहम्मद पूर्व सरपंच जान मोहम्मद पूर्व सरपच हाजी मजीद के बेटे अजमत की बैठक पर मौजूद लोगों से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा की और एक्स सर्विसमैन वहीद फौजी पूर्व सब इंस्पेक्टर जान मोहम्मद, चौधरी इंदु व ब्लॉक समिति के मेंबर जमील ठेकेदार गांव के मौजूदा सरपंच शमीम अहमद आमीन पूर्व सरपंच वह वार्ड के पंच एससी समाज के गजे सिंह के घर पर वह ताराचंद वाल्मीकि के घर पर चाय नाश्ता किया व लोगो के साथ मस्जिद में नमाज अदा की ओर सरकारी लाभार्थीयो से भी मुलाकात की,गांव की 36 बिरादरी के साथ सैकड़ो लोगों से मिलकर पार्टी की रीति नीति और लोकसभा में फिर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लक्ष्य को लेकर लोगों के बीच में अपनी बात रखी लोगों ने सरकार की रीति और नीति को गरीब किसान मजदूर हितेषी बताया चौधरी जाहिद हुसैन ने आने वाले 16 फरवरी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री रेवाड़ी माजरा में एम्स की आधारशिला रखेंगे उसमें भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को चलने का आह्वान किया। आने वाली 9 मार्च को हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल मेवात में एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर मेवात के विकास के लिए बड़ी सौगात देने जा रहे हैं जाहिद हुसैन ने कहा गांव चलो अभियान से हर बुथ पर आने वाले लोकसभा चुनाव में 10 से 20 % तक वोट भारतीय जनता पार्टी को ज्यादा मिलने का लक्ष्य बताया है । चौधरी जाहिद हुसैन ने बताया इस बार मेवात की तीनों विधानसभा सीटो पर भारतीय जनता पार्टी जीत का परचम लहराएगी।

# असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

**तीन लाख रूपए वार्षिक आय वाले नागरिक भी 1500 रूपए प्रीमियम से ले सकते हैं आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानि आयुष्मान योजना नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। आमजन के साथ-साथ जिसकी भी नागरिक की आय तीन लाख रूपए वार्षिक हो वह भी 1500 रूपए का प्रीमियम सालाना भरकर आयुष्मान भारत चिरायु योजना का लाभ ले सकता है। इस योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग पांच लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपए तक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल बहुत कम मासिक चार्ज केवल 1500 रुपए के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है।

उपायुक्त ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभार्थी है, जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण-पत्र देकर योजना में शामिल हो सकते है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्णत: कैशलेस है, लाभार्थी केवल अपना आयुष्मान भारत कार्ड दिखाकर ही पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी किसी भी अटल सेवा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड दिखाकर बनवा सकते है। इसके अलावा पैनल पर लिए गए निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में भी यह कार्ड मुफ्त में बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना की अनूठी विशेषता पोर्टेबिलिटी है यानी चाहे मरीज किसी भी राज्य का हो, वह किसी भी राज्य के पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। सरकार द्वारा न सिर्फ मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है, अपितु इलाज की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

# स्व: चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर गाँव आलदूका में खुशियाँ मनाई

**कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल रहे मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने शिरकत**



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आज नूँह विधानसभा के गाँव आलदूका में किसानों के सबसे बड़े नेता, पूर्व प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री स्व: चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर ग्रामवासियों की तरफ से एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र पटेल रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सुपुत्र युवा भाजपा नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट ने शिरकत की। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का ईजहार किया गया । स्व: चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया व आभार जताया। इस अवसर पर चौश बेघराज, बहादुर सिंह सरपंच, चौश भज्जू, निरंजन नंबरदार, शेर सिंह चेयरमैन, राम गोपाल नंबरदार, जवाहर, चंद्रमल नंबरदार, सुंदर पहलवान, राजू सरपंच, बीर पहलवान, राजेन्द्र, बच्चू सिंह, बिज्जी, साधू, मोमचंद, नथोत, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सिटी 24 न्यूज

सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# गरीब का उत्थान और अंतिम व्यक्ति का विकास है मोदी का मुख्य लक्ष्य : कृष्णपाल गुर्जर

**केंद्रीय मंत्री बोले, चुनाव में भाजपा के वोट शेयर को 10 प्रतिशत तक बढ़ाना गांव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर बूथ को जीतने के संकल्प के साथ पार्टी आगे बढ़ रही है और गाँव चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य असली मतदाता से संपर्क करना और इस अभियान के माध्यम से भाजपा का 10त्न वोट शेयर बढाकर लोकसभा चुनाव 2024 में पिछले बार से ज़्यादा मत हासिल कर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बूथ संयोजक जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर के साथ तिगांव विधानसभा के 116 बूथ नम्बर पर जन सम्पर्क करते हुए यह कहा ।कृष्णपाल गुर्जर ने इस दौरान बूथ के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और कहा ग़रीब का उत्थान और अंतिम व्यक्ति का विकास मोदी जी और देश व प्रदेश भाजपा सरकार का मुख्य लक्ष्य है। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा ज़िला फरीदाबाद द्वारा फरीदाबाद की सभी 6 विधानसभाओं के सभी बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाया गया । फ़रीदाबाद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में दूसरे शहरी व गाँवों के बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाया । हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के बूथ नंबर 125 व 126, बडखल से विधायक सीमा त्रिखा ने बडख़ल विधानसभा के बूथ नंबर 35 पर, फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने निवर्तमान जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल के साथ फरीदाबाद विधानसभा के बूथ 120 पर, जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा ने बडखल विधानसभा के बूथ नम्बर 152 पर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने ओल्ड फरीदाबाद मंडल के बूथ नंबर 30, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ ने नीमका गाँव के 264 बूथ पर, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल ने फरीदाबाद विधानसभा के बूथ नम्बर 138 पर, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता ने तिगांव विधानसभा के बूथ नंबर 13 पर एवं अन्य भाजपा नेताओं, प्रदेश व ज़िला पदाधिकारी और मंडल एवं बूथ के कार्यकर्ताओं ने दूसरे बूथों पर प्रवास कर लोक सम्पर्क और लोक संवाद किया। ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि गाँव चलो अभियान के दौरान प्रवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बूथ पर बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों से बैठक कर संगठनात्मक चर्चा की । इसके अलावा बूथ संयोजक के साथ बूथ में रहने वाले ऐसे लोग जिनको सरकार से लाभ मिला उनसे जन सम्पर्क और जन संवाद किया । प्रवासी कार्यकर्त्ताओं ने बूथ में रहने वाले गणमान्य लोगों जैसे की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य, महिला व युवा संगठनों के सदस्यों, राजनैतिक लोगों, सेल्फ हेल्प ग्रुप,अध्यापकों, रिटायर्ड अधिकारीयों, की वोटर्स इत्यादि से संपर्क किया और सरकार के जनहित कार्यों और योजनाओं के विषय में विस्तृत चर्चा की । प्रवासी कार्यकर्ताओं ने धार्मिक स्थलों, शहीद स्मारकों, मंदिर के पुजारी, कीर्तन मंडली, शहीद के परिवार के सदस्यों आदि से सम्पर्क कर संवाद किया । प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं ने नमो ऐप्प भी लोगों के फ़ोन में डाउनलोड करवाया एवं सरकार की जनहित और कल्याणकारी योजनाओं और सरकार के 10 साल के विकास कार्यों के पत्रक भी बांटे ।गाँव चलो अभियान के तहत 2 दिन फ़रीदाबाद के सभी 1469 बूथों पर गांव चलो अभियान' कार्यक्रम चलाया जा रहा है और भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शहरी बूथों और ग्रामीण बूथों पर गांव-गांव जाकर लाभार्थियों एवं वहां के लोगों से जनसंपर्क और जन संवाद कर उनके मन की बात को जानेंगे।

# अग्रवाल महाविद्यालय के शूटरों ने अंतर विश्वविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम

**सिटी 24 न्यूज**

**बल्लभगढ़।** गत 5 फरवरी से 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में चले 10 मी० एयर पिस्टल व एयर राइफल की पुरुष व महिला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की शूटिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की शूटर शिखा नरवाल बीए तृतीय वर्ष व कनिष्का डागर बीए प्रथम वर्ष की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। इस अवसर पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट दिनेश गुप्ता, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता व स्पोर्ट्स कन्वीनर डॉ० केएल कौशिक ने शूटरों को बधाई दी व उनके उज्जवल का भविष्य की कामना की। वहीं शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह ने सभी को बताया कि महाविद्यालय के तीन शूटरों का चयन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जो गुवाहाटी में 21 से 29 फरवरी तक आयोजित होंगे में अग्रवाल महाविद्यालय के शूटरों शुभम बीसला, शिखा नरवाल व कनिष्का डागर का चयन हो गया है। इस मौके पर नंदकिशोर व पवन दलाल डीपी उपर्सथित थे। सभी ने खेलो इंडिया में चयनित विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी।



# विधायक राजेश नागर ने बाबा सूरदास गौशाला को 1.23 लाख रुपये का चैक सौंपा



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने बाबा सूरदास गौशाला को सहायतार्थ 1.23 लाख रुपए का चैक सौंपा। उन्होंने संचालन समिति को भरपूर सहयोग देने की बात कही। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आज के समय में गौशाला का संचालन बहुत नेक कार्य है। गौ सेवा करने वालों को परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि बाबा सूरदास महाराज गौशाला में सैकड़ों गौओं की विशेष सेवा हो रही है। यहां गोवंशों की सेवा करने वाले स्वयंसेवक बाबा सूरदास में विशेष आस्था रखते हैं। नागर ने 1.23 लाख रुपए का चैक सौंप कर गौशाला समिति के सदस्यों से भविष्य में भी हर प्रकार का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गौ को भारतीय संस्कृति में विशेष माना गया है। गाय में सभी देवी देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए जो गौओं की सेवा करता है वह सभी देवताओं की सेवा का पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि अनेक खोजों में पता चला है कि गौ विषाक्त भोजन करने के बाद भी शुद्ध और सुपाच्य दूध देती है। भगवान ने गौ माता को इस धरती का पालन पोषण करने के लिए बनाया है। गौ वास्तव में देवता ही हैं। इस अवसर पर गौशाला संचालन समिति के सदस्यों ने विधायक राजेश नागर का धन्यवाद किया और गौशाला को उनसे मिल रहे सहयोग के लिए भी आभार जताया। इस अवसर पर गोशाला के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष धीरज गोयल, उपाध्यक्ष संदीप गर्ग, संरक्षक डॉ निकुलिता विजय वर्गीय एवं रवि सिंगला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में स्कूली विद्यार्थियों के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**रीया की टीम जूनियर वर्ग में तथा मोक्ष की टीम सीनियर वर्ग में रही विजेता**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** 37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में स्कूली विद्यार्थियों की वीआईपी गेट के पास गायन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। शिल्प मेले में स्कूली विद्यार्थियों की करवाई गई गायन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के विधार्थी रीया तिवारी, दक्ष, मुस्कान व शिवम् के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरा स्थान सेंट एंटनी स्कूल के विहान, तन्वी, नित्या, वनिका, यशिका व काजल की टीम ने प्राप्त किया। इसके साथ ही तीसरा स्थान सेंट जॉन स्कूल सेक्टर 49 के विधार्थी गुनीत कौर, अनन्या ठाकुर, याशिका शर्मा, तनिष्का शर्मा, कार्तिक गुलाटी, आराध्य अरोड़ा तथा अक्षद की टीम ने प्राप्त किया। मेले में आयोजित गायन प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सेंट जॉन स्कूल सेक्टर-49 के विधार्थी मोक्ष, मान्यता, सोनाक्षी, वंश, पार्थ, वीर, आयुष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सेंट जॉन स्कूल सेक्टर-7 के विधार्थी काशिका, केशव, गोविन्द, गुरप्रीत कौर, अक्षित कम्बोज का ग्रुप ने दूसरे स्थान पर रहा। इसके साथ ही तीसरा स्थान मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद के विधार्थी अलीशा, कंचन, शिवानी, प्रीती, ख़ुशी के ग्रुप ने प्राप्त किया।

# सूरजकुंड मेला ग्राऊंड के फूड कोर्ट में आईएचएम के विद्यार्थी परोस रहे बाजरे से तैयार व्यंजनों की प्यार भरी दावत

**फूड कोर्ट के दावत ए फरीदाबाद रेस्टोरेंट में आईएचएम के विद्यार्थी बाजरे से बना रहे 5 तरह के लजीज व्यंजन**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** अगर आप सूरजकुंड में चल रहे 37 वें अंतरराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले में घूमने जा रहे हैं तो हरियाणा टूरिजम के इंसटिट्यूट ऑफ होटल मैंनेजमेंट द्वारा फूड कोर्ट एरिया में चलाए जा रहे दावत ए फरीदाबाद रेस्टोरेंट पर जाकर बाजरे से तैयार पीज्जा और जलेबी का स्वाद जरूर चखें। सूरजकुंड मेंले में इस बार दर्शकों के खाने-पीने के लिए एक अलग स्थान निंधारित कर फूड कोर्नर बनाया गया है। जहां आईएचएम के विद्यार्थी बाजरे से 5 अलग-अलग तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ गुड़ से दो तरह की चाय तैयार कर रहे हैं। मेला ग्राऊंड के फूड कोर्नर में हरियणा टूरिजन विभाग के इंसटिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा संचालित दावत ए फरीदाबाद में बाजरे से पांच अलग-अलग लजीज व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं। इस रेस्टोरेंट में बाजरे से तैयार पिज्जा, जलेबी, सूप और खिचड़ी का स्वाद चख सकते हैं। होटल मैनेजमैंट के विद्यार्थी बाजरे से तैयार व्यंजनों की प्यार भरी दावत अपने हाथों से तैयार कर परोस रहे हैं। इसके अलावा ये इस रेस्टोरेंट में गुड़ से तैयार की गई दो तरह की स्वादिष्ट लेमन टी का अनोखा स्वाद भी आप चख सकते हैं। रेस्टोरेंट के प्रबंधक प्रवीन यादव ने बताया कि रेस्टोरेंट में बाजरे से तैयार व्यंजनों के अलावा मक्का की रोटी व साग, पाव भाजी और छोले भटूरे भी तैयार किए जा रहे हैं। जिनहें मेले में आने वाले दर्शक बहुत पसंद कर रहे हैं। प्रबंधत प्रवीन ने बताया कि मेले में इंस्टीटयूट के विद्यार्थियों द्वारा गत दो वर्षों से बाजरे से तैयार व्यंजन यहां बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मोटे अनाज को बढावा दिया जा रहा है इसी उद्देश्य से हरियाणा टूरिजम के इंसटिट्यूट ऑफ होटल मैंनेजमेंट द्वारा मोटे अनाज से तैयार होने वाले स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा रहे हैं। वर्ष 2022 के मेले में बाजरे के चूरमे से मोटे अनाज से तैयार व्यंजन की शुरूआज की थी और अगले वर्ष 38 वें हस्त शिल्प मेंले में आने वाले दर्शकम मोटे अनाज से तैयार होने वाले 20 से अधिक व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में आमजन की समस्याओं को तुरंत प्रभाव से हल करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्यः मूलचंद शर्मा

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बल्लभगढ विधानसभा के गांव मुजेसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने बीपीएल परिवारों को उज्जवल योजना के तहत मुफ्त में कनेक्शन वितरण किया। इसके अलावा उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से आज शनिवार को इस कैंप में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं को तुरंत प्रभाव से हल करना ही केन्द्र और प्रदेश की सरकारों का मुख्य उद्देश्य है।



इस मौके पर उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से युक्त कैलेंडर वितरण भी किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष लांबा, मंडल अध्यक्ष अनुराग गर्ग, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, प्रमोद गिल, रवि सोनी, दिवाकर, राजेश लांबा, कुलदीप मथारु, संजय मरोडैया सहित गांव की सरदारी और कॉलोनी के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फरीदाबाद और पलवल में जेजेपी 18 फरवरी को लोकसभा कार्यालय का करेगी शुभारंभ : ऋषिराज राणा

**जेजेपी लोकसभा प्रभारी ऋषिराज राणा ने प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के कार्यालय पर ली जिला और हल्का अध्यक्षों की बैठक**



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा - जननायक जनता पार्टी के फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा शनिवार को तिगांव विधानसभा में एक बैठक बुलाई । यह बैठक तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी के अशोका एन्क्लेव कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में न केवल लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई, वहीं भावी रणनीति पर भी विचार किया गया। बैठक में सह प्रभारी राममेहर ठाकुर, जिला अध्यक्ष फरीदाबाद श्री कृष्ण जाखड़, जिला अध्यक्ष पलवल देवेंद्र सोरौत और हल्का अध्यक्ष बड़खल अजय भड़ाना, तिगांव से उमेश भाटी, एनआईटी से हाजी करामात अली, बल्लभगढ़ से रिछपाल लांबा , होडल से विजय सिंह , पलवल से खेमचंद , हथीन से सुखराम डागर ने भाग लिया। बैठक में फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा व सह प्रभारी राम मेहर ठाकुर का सभी हल्का अध्यक्षों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर जिला अध्यक्ष फरीदाबाद श्री कृष्ण जाखड़ ने लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा को विस्तार से जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने और विभिन्न मीटिंगों का ब्यौरा दिया , वहीं जिला अध्यक्ष श्री कृष्ण जाखड़ ने जानकारी देते हुए बताया की मेंबरशिप अभियान जो की पिछले काफी महीनो से चल रहा था ।मेंबरशिप में सभी वर्गों को जोड़ने के लिए सभी हल्का अध्यक्षों ने विधानसभा में कार्यकर्ताओं के साथ मेहनत की है। इस मौके पर फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी श्री ऋषिराज राणा बैठक में जानकारी देते हुए बताया की 18 फरवरी को फरीदाबाद और पलवल में लोकसभा कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा , जिसमे हल्का स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर जननायक जनता पार्टी के डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी द्वारा जो लाभकारी निर्णय जनता जनार्दन के लिए लिए गए है उसे आम जनमानस तक पहुँचाने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलने की शुरुआत की जाएगी ।श्री ऋषिराज राणा ने बताया की डिप्टी सीएम श्री दुष्यंत चौटाला जी के प्रति लोगों का विश्वास कायम है सभी 10 की 10 लोकसभा में कार्यकर्ता पूरी तरह से पार्टी के लिए काम कर रहे है। हरियाणा की जनता बीजेपी और जननायक जनता पार्टी को पुनः हरियाणा में दोबारा देखना चाहती है। प्रभारी श्री ऋषिराज राणा ने मिडिया से बातचीत आगामी चुनावों को लेकर अपनी पार्टी की रणनीति स्पष्ट की और कहा कि अभी एनडीए के साथ सीट बंटवारे को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही इस पर सहमति बन जाएगी. पार्टी के सुप्रीमों श्री डॉ अजय चौटाला जी का जो भी निर्णय होगा सभी कार्यकर्ता उस पर अमल करते हुए मैदान में उतरेंगे। पार्टी पूरी तरह से लोकसभा चुनावों को लेकर तैयार है।

# मोदी जी सही मायने में कर रहे हैं देश के महापुरुषों का सम्मान : वोहरा

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा देश के तीन महापुरुषों पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पीवी नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देने पर मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा तीनों विभूतियों को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देना सही मायने में देश के महापुरुषों का सम्मान करना है और इससे हर देशवासी गौरवान्वित है। चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देना सिर्फ़ उनके या उनके परिवार तक सीमित नहीं है बल्कि देश के किसान, मज़दूर और पिछड़ों को सम्मान देने वाला सराहनीय कदम है। चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न मिलना देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। वो ज़मीन से जुड़े एक ऐसे किसान नेता रहे जिन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में सादगी से जिया। चौधरी चरण सिंह जी का बेदाग सार्वजनिक जीवन रहा और वो किसानों के प्रति प्रतिबद्धता के पक्षधर थे। उनके द्वारा तैयार किया गया जमींदारी उन्मूलन विधेयक से उत्तरप्रदेश राज्य 1952 में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। इस अवसर पर ज़िला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, ज़िला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर, ग्यासीराम शर्मा, ज़िला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, प्रवीण चौधरी, नरेश नंबरदार, पंकज सिंगला, रविंद्र त्यागी, योगेश तेवतिया, राज मदान आदि उपस्थित रहे।

